कोटद्वार, सोमवार
6 अक्टूबर 2025
वर्षः 47
अंकः 148 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### गढ़वाल विवि के पूर्व सह–सचिव ने की आत्महत्या

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर के 2024–25 के पूर्व छात्रसंघ सह–सचिव समरजीत तेवतिया ने पंखे पर लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर दी। छात्र नेता के आत्महत्या करने की खबर के बाद से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। छात्र नेता नगर निगम क्षेत्र के न्यू डांग में अपने आवास पर रहता था। हालांकि अभी तक आत्महत्या के कारणों का कोई पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छात्र नेता समरजीत तेवतिया एक हफ्ते पहले ही श्रीनगर पहुंचा था और न्यू डांग अपने आवास पर रह रहा था। रविवार सुबह करीब तीन बजे ज़ब अचानक कुछ गिरने की आवाज आयी तो मकान में रह रहे किरायेदार छात्र नेता के कमरे में पहुंचे तो वह पंखे से लटका मिला, जिसके बाद किरायेदार द्वारा इसकी सूचना 108 को दी गई। मौके पर किरायेदारों ने गमछे से हटाते हुए छात्र नेता को पंखे से नीचे निकालकर उसे बेस चिकित्सालय पहुंचाया गया,जहां डाक्टरों की टीम ने छात्र नेता को मृत घोषित कर दिया। श्रीनगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जयपाल सिंह नेगी ने बताया कि छात्र नेता की पहचान समरजीत तेवतिया पुत्र सुबोध कुमार तेवतिया 422,रेलवे रोड शिवाजी नगर, पिलखुआ, जिला हापुड़ पिलखुआ देहात गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। बताया कि छात्र नेता के कमरे में किसी भी प्रकार का कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। बताया कि शव पोस्टमार्टम कर परिजनों के सुपुर्द किया गया है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही आगामी कार्यवाही की जायेगी।

### देवप्रयाग में पैदल मार्ग धंसने से ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ी

नई टिहरी। देवप्रयाग से जुड़े मुनेठ–बमाणा मार्ग का एक हिस्सा राइंका सजवाण कांडा के पीछे गिरने से जहां इसके भवन को खतरा बन गया है, वहीं मार्ग से सटे 3 सौ मीटर पैदल मार्ग धंसने से आधा दर्जन गांवों का आवागमन भी मुश्किल हो गया है। क्षेत्र पंचायत सदस्य रजनी टोडरिया ने डीएम टिहरी को ज्ञापन भेजकर क्षतिग्रस्त सड़क व पैदल मार्ग की तत्काल मरम्मत किये जाने की मांग की है। डीएम को भेजे ज्ञापन में क्षेपंस ने बताया कि, बीते दिनों हुई भारी बारिश के बाद देवप्रयाग से जुड़े गोर्थी कांडा, सजवाणकांडा, बमाणा व बौण्ठ मार्ग का एक हिस्सा भरभराकर राइंका सजवाणकांडा भवन के पीछे जा गिरा। वहीं सड़क के ऊपर स्थित करीब तीन सौ मीटर पैदल मार्ग भी धंस गया। इसके चलते छात्र–छात्राओं का कॉलेज तक आना मुश्किल हो गया है। साथ ही ग्रामीण भी देवप्रयाग तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। ज्ञापन के अनुसार उक्त मोटर मार्ग के पहले मोड़ के पुश्ता के प्राथमिक विद्यालय, महरकाण्डा के पैदल मार्ग पर गिरने से छोटे बच्चों यहां पढ़ने नहीं जा पा रहे हैं। वहीं पैदल मार्ग ध्वस्त होने से सडेथ, बदरुगांव, रुणीसारी, धोणोधार आदि गांवों तक आने जाने की मुश्किल बढ़ गयी है। क्षेत्र पंचायत सदस्य रजनी टोडरिया ने डीएम टिहरी से प्राथमिकता के आधार पर उक्त मागी के निर्माण के लिए लोनिवि को निर्देशित किये जाने का अनुरोध किया है।

### रुद्रनाथ के कपाट 17 को बंद होंगे

चमोली। रुद्रनाथ के कपाट 17 अक्टूबर को ब्रह्म मुहुर्त पर बंद होंगे। उसी दिन रुद्रनाथ की उत्सव विग्रह डोली अपने गद्दी स्थल गोपेश्वर गोपीनाथ मंदिर में पहुंच कर विराजमान होगी। रुद्रनाथ मंदिर के पुजारी पंडित सुनील तिवारी ने बताया भगवान शिव के हिमालय में स्थित पंच केदार में एक केदार रुद्रनाथ के कपाट शीतकाल के लिए 17 अक्टूबर को ब्रह्म बेला पर पूजा विधान के साथ बंद होंगे। बताया उसी दिन भगवान की उत्सव विग्रह डोली को लेकर शिव भक्त 19 किलोमीटर की हिमालयी पैदल यात्रा के साथ गोपेश्वर गोपीनाथ मंदिर में पहुंचेंगे। बताया शीतकाल में भगवान रुद्रनाथ की पूजा अर्चना गोपेश्वर गोपीनाथ में मंदिर में होगी। रुद्रनाथ की उत्सव विग्रह डोली गोपेश्वर गोपीनाथ मंदिर में पहुंचने पर भगवान का भव्य स्वागत अभिनन्दन किया जायेगा। मंदिर समिति ने बताया उत्सव विग्रह डोली का दीप थालों से आरती होगी।

# सैन्य धाम अमर आत्माओं का प्रतीक, आने वाली पीढ़ी लेगी प्रेरणाः सीएम

## ●मुख्यमंत्री ने शहीदों के स्वजनों को किया सम्मानित ●लैंसडौन पहुंचे मुख्यमंत्री ने बेहतर विकास के लिए की घोषणाएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देश की रक्षा में दिए गए वीर सैनिकों के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उत्तराखंड में सैन्य धाम अमर आत्माओं का प्रतीक है। आने वाली पीढ़ी इससे प्रेरणा लेगी। इस दौरान उन्होंने वीर शहीदों के स्वजनों को सम्मानित किया।





रविवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लैंसडौन में आयोजित शहीद सम्मान समारोह में पहुंचे। मुख्यमंत्री ने शहीदों के परिजनों एवं आश्रितों को ताम्रपत्र और अंगवस्त्र भेंटकर उन्हें सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने अमर शहीद गब्बर सिंह नेगी मेमोरियल में उनकी प्रतिमा पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा वीर गब्बर सिंह नेगी जैसे अमर सपूतों के कारण ही आज देश सुरक्षित है। मुख्यमंत्री ने विभिन्न जनपदों के शहीदों ांगन की पवित्र मिट्टी से भरे ताम्र कलशों के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर वीर शहीदों की स्मृति में पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान सभी ने मौन रखकर शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। गौरतलब है कि इन ताम्र कलशों में एकत्रित शहीदों के आंगन की पावन माटी को देहरादून में बन रहे भव्य सैन्य धाम में ले जाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सैनिकों और उनके परिजनों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कोटद्वार में स्थित सैनिक विश्राम गृह का जीर्णोद्वार कर उसे आधुनिक सुविधाओं से युक्त किए जाने, निदेशालय सैनिक कल्याण तथा जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालयों में वीर नारियों एवं पूर्व सैनिकों की नियुक्ति कर निःशुल्क सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु कॉमन सर्विस सेंटर स्थापित किए जाने, गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर लैंसडाउन संग्रहालय के जीर्णोद्धार के लिए आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जयहरीखाल का उच्चीकरण किए जाने, राजकीय इंटर कॉलेज कर्तिया का नाम शहीद कमल सिंह रावत के नाम पर, हाईस्कूल डोबरियासार का नाम शहीद अनुज सिंह नेगी के नाम पर, बरुअ-चिणबो मार्ग का नामकरण शहीद केश-ावानंद ध्यानी के नाम पर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का नामकरण शहीद हरीश जोशी के नाम पर एवं जयहरीखाल–गुमखाल मार्ग का नामकरण शहीद खुशाल सिंह नेगी के नाम पर किए जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि अन्य स्त्रोतों से अनुदान प्राप्त न करने की बाध्यता को समाप्त करते हुए सभी द्वितीय विश्व युद्ध के पूर्व सैनिकों और विधवाओं को सम्मान राशि प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सैन्य धाम केवल ईंट-पत्थरों का ढांचा नहीं बल्कि अमर आत्माओं का प्रतीक है। उन्होंने कहा शहीदों के आंगन की पावन मिट्टी को सैन्य धाम में लाया जा रहा है। यह कार्यक्रम उन वीरों को सच्ची श्रद्धांजलि है जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वस्व अर्पित किया है। उन्होंने कहा 25 सितंबर से 04 अक्टूबर तक चली शहीद सम्मान यात्रा 2.0 शहीदों के परिजनों के आंसुओं का सम्मान है। यह निर्माणाधीन सैन्य धाम आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति के लिए प्रेरित करता रहेगा। यह उन शहीदों के लिए हमारी श्रद्धांजलि है, जिन्होंने हमारे भविष्य के लिए अपना वर्तमान बलिदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में लगभग हर घर का सदस्य सैन्य पृष्ठभूमि से जुड़ा है। राज्य सरकार सैनिकों एवं उनके परिजनों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। शहीदों के परिजनों को दी जाने वाली अनुग्रह राशि को रूपए 50 लाख से बढ़-ाकर रुपए 1 करोड़ किया गया है। शहीद के अंतिम संस्कार हेतु 10 हजार की सहायता राशि दी जाती है। सैनिकों को भूमि खरीद पर लगने वाली स्टांप ड्यूटी के रूप में 25 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। शहीदों के परिजनों को सरकारी सेवा में संयोजन के तहत 28 परिजनों को अब तक नियुक्ति प्रदान की जा चुकी है तथा 13 मामलों की प्रक्रिया गतिमान है। पूर्व में आवेदन हेतु 02 वर्ष का समय सीमा थी, जिसे बढ़ाकर 05 वर्ष कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा सैनिकों के लिए वन रैंक वन पेंशन, आधुनिक उपकरण, जैकेट एवं जूते जैसी सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने कहा कि भारत आज रक्षा क्षेत्र में निर्यात में अग्रणी देशों में शामिल हो गया है और दुश्मन देश को मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तरह ही ह्रएक पेड़ शहीदों के नामह्व लगाने का आग्रह भी किया। सैनिक कल्याण मंत्री श्री गणेश जोशी ने कहा कि शहीद सम्मान यात्रा 2.0 का आज लैंसडाउन में सफल समापन हुआ है। उन्होंने बताया कि यात्रा का दूसरा चरण 25 सितंबर को देहरादून से प्रारंभ हुआ था, जो आज लैंसडाउन में सम्पन्न हुआ। उन्होंने बताया कि शेष 71 शहीदों के आंगन की पवित्र मिट्टी लायी जा चुकी है, जिसे सैन्य धाम के लोकार्पण से पूर्व अमर जवान ज्योति में स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री सदैव सैनिकों और वीर नारियों के सम्मान एवं कल्याण के प्रति संवेदनशील रहते हैं, जिसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि के साथ-साथ वीरभूमि भी है। हम शहीदों को मृतक नहीं, बल्कि अमर वीर मानते हैं। आज हम खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं तो यह हमारे वीर सैनिकों के अदम्य साहस और बलिदान का परिणाम है। सैनिकों एवं उनके परिवारों का सम्मान और सहयोग केंद्र तथा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रदेश सरकार द्वारा सैनिकों एवं अग्निवीरों को समूह ह्यगह्न की वर्दीधारी राजकीय सेवाओं में 10 प्रतिशत आरक्षण दिया जाना एक सराहनीय कदम है।

# खोह नदी में खनन ने ली मासूम की जान, मां के समीप हुआ हादसा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः खनन के बाद खोह नदी मासूमों की जान पर भारी पड़ रही है। कुछ दिन पूर्व जहां कशीरामपुर तल्ला में नदी में डूबने से एक बालक की मौत हो गई थी। वहीं, रविवार को ग्रास्टनगंज में पत्थर के ऊपर बैठे मासूम के नदी में डूबने के बाद पत्थर की चपेट में आने से मौत हो गई।



दरसअल यह पत्थर नदी से खनन की सामग्री निकालने के बाद नदी के किनारे रखा गया था। जिसकी धीरे-धीरे रेत सिखक रही थी। घटना के बाद स्वजनों में कोहराम मचा हुआ है। मासूम नदी में अपनी मां के साथ गया हुआ था।

घटना रविवार सुबह की है। ग्रास्टनगंज निवासी सात वर्षीय उजेर अपनी मां के साथ खोह नदी में गया हुआ था। मां नदी किनारे कपड़े धोने लगी, जबकि उजेर नदी किनारे ही एक छोटे पत्थर पर बैठ गया। खनन के दौरान नदी किनारे छोड़ा गया यह पत्थर अचानक अपने स्थान से खिसक गया, जिससे उजेर नदी में जा गिरा। साथ ही पत्थर भी नदी में लुढ़कते हुए उरेज के सिर पर जा लगा। गंभीर रूप से घायल उरेज को स्वजन बेस चिकित्सालय में लेकर आए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताना जरूरी है कि कुछ माह पूर्व ही कुंभीचौड़ निवासी एक किशोर की भी नदी में डूबने से मौत हो गई थी। यह किशोर भी खनन के दौरान हुए पानी से भरे गड्ढे में गिर गया था। बाद में किशोर का शव कुछ दूर नदी किनारे से बरामद हुआ।

### पर्यटक बढ़ते ही वीकेंड पर जाम भी लगने लगा

नैनीताल। ऑटम सीजन में पर्यटकों की संख्या धीरे–धीरे बढ़ने लगी है। जिसके चलते सड़कों पर जाम की स्थिति भी बनने लगी है। रविवार को भी सुबह के समय शहर के कई आंतरिक मार्गों पर जाम लगता रहा। रविवार को शहर के विभिन्न मार्गों पर यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। सुबह से ही पर्यटकों की भारी भीड़ के कारण भवाली–नैनीताल मार्ग, हल्द्वानी–नैनीताल मार्ग, तल्लीताल, मल्लीताल क्षेत्र में वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। उचित पार्किंग स्थल न होने की वजह से और परेशानी हो रही है, लोग सड़कों पर अवैध रूप से गाड़िया खड़ी कर रहे हैं। कई जगहों पर पर्यटकों और चालकों के बीच बहस की स्थिति भी देखने को मिली। हालांकि, ट्रैफिक पुलिस लगातार मोर्चा संभालते हुए स्थिति को नियंत्रित करने में जुटी रही। भीड़ को संभालने और जाम खोलने के लिए अतिरिक्त कर्मियों को तैनात किया गया है।

# ब्लाइंड हिट–एंड–रन मामले में 500 सीसीटीवी खंगालने के बाद आरोपी हरियाणा से गिरफ्तार

नई दिल्ली , दिल्ली में आरकेपुरम थाना पुलिस ने हिट–एंड–रन मामले को सुलझाते हुए आरोपी सत्यवीर सिंह (39) को गिरफ्तार कर लिया है। डेरोली जाट, महेंद्रगढ़ (हरियाणा) निवासी आरोपी की क्षतिग्रस्त मारुति अर्टिगा कार भी बरामद कर ली गई है। यह घटना भीकाजी कामा प्लेस के पास रिंग रोड पर हुई थी। पुलिस के मुताबिक, एक पीसीआर कॉल मिली कि रिंग रोड पर होटल हयात रीजेंसी के पास एक अज्ञात वाहन ने दुर्घटना को अंजाम दिया। एसआई मनीष मीणा और हेड कांस्टेबल योगेश तुरंत मौके पर पहुंचे, जहां एक क्षतिग्रस्त सीडी डीलक्स मोटरसाइकिल मिली। घायल बिजेंद्र कुमार मीणा (43) निवासी दौसा (राजस्थान) को पहले ही एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया था। चूंकि कोई प्रत्यक्षदर्शी नहीं था, पुलिस ने मेडिकल रिपोर्ट, घटनास्थल के निरीक्षण



और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर एफआईआर दर्ज की। मामले की गंभीरता को देखते हुए, इंस्पेक्टर रविंदर कुमार त्यागी, एसएचओ आरके पुरम, के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई, जिसमें एसआई मनीष मीणा, हेड कांस्टेबल योगेश और कांस्टेबल लोकेश शामिल थे। इस टीम ने एसीपी बब्बर भान, वसंत विहार, के मार्गदर्शन में काम किया। पुलिस ने रिंग रोड पर वर्ल्ड ट्रेड सेंटर से धौला कुआं तक के सीसीटीवी फुटेज की जांच की। फुटेज में एक सफेद मारुति अर्टिगा कार मोटरसाइकिल के पीछे दिखी, लेकिन कम रोशनी के कारण नंबर प्लेट स्पष्ट नहीं थी। टीम ने सफदरजंग एन्क्लेव, आर.के. पुरम, मोती बाग, धौला कुआं, महिपालपुर और गुरुग्राम में 500 से अधिक सीसीटीवी और एएनपीआर फुटेज का विश्लेषण किया। आखिरकार, वाहन की पहचान हुई और चालक सत्यवीर सिंह को हरियाणा से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सत्यवीर ने कबूल किया कि वह आईएसबीटी आनंद विहार से यात्रियों को लेकर गुरुग्राम जा रहा था, तभी उसकी कार ने मोटरसाइकिल को टक्कर मारी। घबराहट में वह मौके से भाग गया। सत्यवीर स्नातक और विवाहित है और उसका कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। वह दिल्ली–एनसीआर में किराए की कार चलाता है। मामले की जांच जारी है।

# स्वदेशी भावना से दिवाली मनाएं, गोवा 2035-2037 तक पूर्ण विकसित हो जाएगा-अमित शाह

नई दिल्ली ,केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोगों से स्वदेशी भावना से दिवाली मनाने और भारतीय वस्तुओं को बढ़ावा देने का आग्रह करते हुए स्वदेशी अपनाने और विदेशी वस्तुओं का त्याग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ नागरिकों का यह सामूहिक संकल्प देश को सर्वोच्च बनाएगा।



अमित शाह ने गोवा में महाजे घर योजना के शुभारंभ और विभिन्न विकास परियोजनाओं के शिलान्यास समारोह में एक जनसभा को संबोधित किया। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, केंद्रीय मंत्री और उत्तरी गोवा के सांसद श्रीपद नाइक और राज्यसभा सदस्य सदानंद शेत तनावड़े भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। महाजे घर योजना के शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान, केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा, यह योजना केवल एक सरकारी योजना नहीं है। यह उत्तरदायी शासन का प्रतीक है। यह एक संवेदनशील और नागरिक–केंद्रित प्रशासन का प्रतिनिधित्व करती है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भाजपा की सरकारें सुधारों के लिए सावधानीपूर्वक काम करती हैं। उन्होंने कहा, इस योजना का उद्देश्य गोवा के उन नागरिकों को कानूनी मान्यता और स्वामित्व अधिकार प्रदान करना है जिनके घर विभिन्न कानूनी उलझनों, कुल मिलाकर लगभग 11 कानूनी जटिलताओं में फंसे हुए थे। कल से, वे गर्व से कह सकेंगे कि यह मेरा घर है। यह सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो राज्य की लगभग आधी आबादी को स्थायी और कानूनी आवाज प्रदान करता है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा, जब भाजपा गोवा में लगातार जीतने लगी, तो कांग्रेस कहती थी कि यह बहुत छोटा राज्य है। राज्य चाहे छोटा हो या बड़ा, उसमें रहने वाले नागरिक भारत के नागरिक हैं। उन्होंने आगे कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने का सपना देखा है, लेकिन गोवा द्वारा की जा रही योजनाओं और विकास की गति को देखते हुए, ऐसा लगता है कि गोवा 2035–2037 तक पूरी तरह से विकसित हो जाएगा। 12 लाख रुपए तक की आय वालों के लिए आयकर समाप्त करने के बारे में उन्होंने कहा, पीएम मोदी ने हाल ही में 12 लाख रुपए तक की आय वालों के लिए आयकर समाप्त कर दिया है... स्वयंपूर्ण गोवा गोवा सरकार की एक बड़ी पहल है... मैं गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत से इस कार्यक्रम को जारी रखने का आग्रह करता हूं।

### धोखाधड़ी मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई

बेंगलुरु , प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बेंगलुरु में मेसर्स ओजोन अर्बाना इंफ्रा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड और अन्य के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के तहत 423.38 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियां कुर्क की हैं। ईडी की यह कार्रवाई कंपनी और उसके प्रमोटरों के खिलाफ बेंगलुरु के विभिन्न पुलिस थानों में धोखाधड़ी (आईपीसी की धारा 419, 420, और 120बी) के तहत दर्ज कई एफआईआर पर आधारित है। इसके अतिरिक्त सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर सीबीआई ईओ–द्व नई दिल्ली ने भी एक एफआईआर दर्ज की है। कंपनी पर मुख्य आरोप यह है कि उसने ग्राहकों को गुमराह किया है और समय पर परियोजना निर्माण पूरा नहीं किया। इसके चलते उन्हें फ्लैटों का कब्जा नहीं दिया गया है। आरोप है कि कंपनी ने ग्राहकों को फ्लैट का कब्जा मिलने तक निर्माण पूर्व ईएमआई का भुगतान करने का वादा किया,

## पाक आर्मी की गीदड़भभकी

# अब भारत से युद्ध हुआ तो तबाही होगी, पीछे नहीं हटेंगे

नई दिल्ली , रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भारतीय सशस्त्र बलों के शीर्ष अधिकारियों की हालिया चेतावनियों के बाद पाकिस्तान ने प्रतिक्रिया दी है। दोनों पक्षों के कड़े बयान पर क्षेत्र में तनाव दिख रहा है। विजयादशमी (2 अक्टूबर) को भुज में जवानों को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अगर पाकिस्तान कोई दुस्साहस करेगा तो उसे ऐसा करारा जवाब मिलेगा कि इतिहास और भूगोल दोनों बदल सकते हैं। उन्होंने खासकर सायर क्रीक क्षेत्र में किसी भी प्रकार की सैन्य हरकत को लेकर कड़ा इशारा किया। वहीं, पाकिस्तान की सेना ने कहा गया कि यदि संघर्ष छिड़ता है तो उसकी विनाशकारी प्रकृति दोनों देशों के लिए हानिकारक होगी और पाकिस्तान पीछे नहीं हटेगा। यह भी कहा कि उसने अब एक "नए सामान्य" के तौर पर त्वरित, निर्णायक और विनाशकारी प्रतिक्रिया की एक



नीतिगत क्षमता स्थापित कर ली है।

**दोनों पक्षों के तर्क और प्रभाव**

भारत की ओर से दावे में यह तर्क किया जा रहा है कि राज्य–समर्थित आतंकवाद भारत की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है और उसे सीमित रखा जाना चाहिए। दूसरी ओर पाकिस्तान ने आरोपों को आधारहीन करार देते हुए कहा है कि ऐसी बयानबाजी पर प्रतिक्रिया देने का अधिकार उसके पास है और गतिरोध और बढ़ने पर दोनों पक्षों को भारी क्षति झेलनी पड़ सकती है।

# पहाड़ी अंचल में हाहाकारी बारिश, 17 लोगों की मौत, भारी तबाही

### पीएम मोदी व सीएम ममता ने किया हर सम्भावित मदद का ऐलान

कोलकाता ,पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में भारी हाहाकारी बारिश के कारण कई भूस्खलन हुए और व्यापक तबाही हुई, जिससे 17 लोगों की मौत हो गई है। आशंका है कि मृतकों की संख्या और अधिक बढ़ सकती है। लगातार हो रही इस बारिश ने उत्तर बंगाल में संकट पैदा कर दिया है, जिससे निवासियों का सामान्य जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है और महत्वपूर्ण सड़क संपर्क टूट गया है, देखा जाये तो जो समसामयिक हालात है उससे लग रहा है कि, हिमालयी राज्य सिक्किम देश के बाकी हिस्सों से अलग–थलग पड़ गया है। उक्त घटना को लेकर राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गहरा दुख प्रकट करते हुए हर स्तर की मदद के निर्देश दिए हैं और कहा है कि हालात का गलत फायदा उठाकर लोगों से किसी सामान और होटल किराया अधिक वसूलने वालों पर कार्रवाई हो सकती है। वहीं देश के पीएम मोदी ने बारिश–बाढ़ से मची तबाही पर दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा, 'दार्जिलिंग में एक पुल दुर्घटना में हुई जानमाल की हानि से अत्यंत दुखी हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति संवेदना। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। भारी बारिश और भूस्खलन के मद्देनजर दार्जिलिंग और आसपास के इलाकों की स्थिति पर कड़ी नज़र रखी जा रही है। हम प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता



प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दार्जिलिंग समेत उत्तर बंगाल के पूरे पर्वतीय क्षेत्र को शनिवार रात से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने तहस–नहस कर दिया है। पहाड़ों में जगह–जगह भूस्खलन हुआ है, कई घर बह गए हैं और अब तक 17 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि दार्जिलिंग में इस तरह की भयानक तबाही आखिरी बार 1998 में देखी गई थी। 27 साल बाद फिर वही भयावह दृश्य लौट आया है। भारी बारिश के कारण बालासन नदी पर दूधिया स्थित लोहे का पुल बह गया, जिससे सिलीगुड़ी और मिरिक का संपर्क टूट गया। पुल के ध्वस्त होने से वाहन आवागमन पूरी तरह बंद हो गया है। नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, जिससे स्थानीय लोग दहशत में हैं।गारीधुरा पुलिस चौकी की टीम मौके पर हालात पर नजर बनाए हुए है। नेशनल हाईवे 717ई पर पेडोंग और रिशिखोला के बीच भूस्खलन से सिलीगुड़ी और सिक्किम को जोड़ने वाला वैकल्पिक मार्ग बंद हो गया है। इसके अलावा हुसैन खोला और एनएच–110 (कर्सियांग के पास) में भी भूस्खलन की खबर है। लगातार बारिश के कारण सड़क से मलबा हटाने का काम बेहद मुश्किल हो रहा है। कालिम्पोंग जिले में लगातार बारिश के चलते कई सड़कें बंद हो गई हैं और संचार सेवाएं बाधित हैं. लगातार भूस्खलन की वजह से प्रशासन अलर्ट पर है। वहीं जलपाईगुड़ी के कई निचले इलाकों में पानी भर गया है। घर डूब गए हैं और लोग घुटने–भर पानी में फंसे हुए हैं। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का कैंप भी प्रभावित हुआ है। रविवार सुबह तक प्रशासन ने मिरिक में नौ, सुकियापोखरी में सात और बिजनबाड़ी में एक व्यक्ति की मौत की पुष्टि की है।

दार्जिलिंग में बारिश और भूस्खलन के कारण सैकड़ों लोग फंसे हुए हैं। अधिकांश उड़ानें रद्द कर दी गईं और कई यात्रियों को टिकट नहीं मिले। प्रशासन उन्हें सुरक्षित स्थानों पर ले जा रहा है, लेकिन खराब मौसम के कारण बचाव कार्य बेहद धीमी गति से हो रहा है।

गोरखा टेरिटोरियल एडमिनिस्ट्रेशन (जीटीए) ने टाइगर हिल और रॉक गार्डन जैसे प्रमुख पर्यटन स्थल एक दिन के लिए बंद कर दिए हैं। दार्जिलिंग के कई हिस्सों में राहत शिविर बनाए किए जा रहे हैं। शनिवार रात को राष्ट्रीय राजमार्ग–10 (एनएच–10) पर भी भूस्खलन हुआ। हालांकि, रविवार दोपहर तक कुछ हिस्सों की मरम्मत हो सकी। दार्जिलिंग जाने का मुख्य मार्ग पंखाबाड़ी रोड बहुत जोखिम भरा है, लेकिन वर्तमान में यात्रियों को इसी मार्ग से सुरक्षित निकाला जा रहा है। अब तक फंसे पर्यटकों की सही संख्या का अनुमान नहीं है। जीटीए प्रमुख और प्रजातांत्रिक मोर्चा नेता अनित थापा ने बताया कि केवल मिरिक क्षेत्र में ही 15 मौतों की सूचना मिली है।

## सम्पादकीय

# देवभूमि की बिगड़ती डेमोग्राफी

उत्तराखंड राज्य में भारी लोगों की घुसपैठ शासन–प्रशासन और क्षेत्रीय लोगों के लिए एक बड़ी चुनौती बन रही है। पिछले कुछ समय में मैदानी क्षेत्र के साथ–साथ पर्वतीय क्षेत्र में ऐसे संदिग्ध लोगों की तादाद काफी संख्या में बढ़ गई है जो इससे पहले कभी भी उत्तराखंड में नजर नहीं आते थे। मैदानो में तो ऐसे बाहरी लोगों की भरमार ही गई है लेकिन पहाड़ों में भी ऐसे लोगों का बसना एक बड़ी चिंता का विषय बनता जा रहा है। पहाड़ों में जिस प्रकार से एक खास वर्ग के लोगों ने अपने ठिकाने बना लिए हैं उसे पर शायद अब तक शासन प्रशासन की नजर नहीं गई है, लेकिन पिछले कुछ समय में स्थानीय लोगों के साथ हुई घटनाओं के बाद जरूर अब इस दिशा में सरकार द्वारा कार्रवाई करने का प्रयास किया जा रहा है। उधर स्थानीय लोग भी बाहरी लोगों के आने के बाद सचेत हो रहे हैं और ऐसे कई प्रकरण सामने आए हैं जहां स्थानीय लोगों ने बाहर से आए बसे लोगों को अपने क्षेत्र से बाहर भगाया। चिंता की बात यह है कि यह लोग पहले सीमित संख्या में आते हैं और उसके बाद सरकारी भूमि या सड़क किनारे ही अवैध कब्जे कर धीरे–धीरे अपनी संख्या बढ़ाते रहते हैं। छोटी मोटी फेरी लगाने का काम भी इनके द्वारा किया गया है लेकिन बात करें ऐसे लोगों के सत्यापन की तो इस दिशा में स्थानीय पुलिस की भूमिका भी कोई बहुत सक्रिय नहीं है। पहाड़ों में पिछले कुछ समय में ऐसी कई घटनाएं प्रकाश में आई है जिसमें ऐसे बाहरी लोगों के द्वारा आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दिया गया। स्थानीय लोगों द्वारा भी ऐसे कई दूसरे समुदाय के लोगों को बिना जांच पड़ताल के अपने घर व दुकान किराए पर दे दिए गए हैं जो कई बार संदिग्ध तौर पर पहाड़ों में अपनी पहचान छुपाने के लिए ठिकाने ढूंढने आए हैं। यहां स्थानीय पुलिस की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि जब तक बाहरी लोगों के सत्यापन की कार्रवाई गंभीरता के साथ नहीं की जाएगी तब तक संदिग्ध लोगों की संख्या कम होने वाली नहीं है। यहां स्थानीय लोगों को भी सचेत होना पड़ेगा कि उनके आसपास ऐसी कौन लोग बस रहे हैं जो आज से पहले ना तो पहाड़ों मैं नजर आए या फिर भौगोलिक तथा स्थानीय बोलचाल से कहीं भिन्न है। इस गंभीर समस्या से निपटने का समाधान स्थानीय प्रशासन एवं क्षेत्रीय लोगों को ही निकलना होगा अन्यथा वह दिन भी दूर नहीं जब पहाड़ों की शांत अबू हवा में अपराधी के घटनाओं के साथ–साथ संदिग्ध लोगों की आवाजाही भी खुलेआम शुरू हो जाएगी। पुलिस एवं स्थानीय लोगों को यह ध्यान रखना होगा कि उनके आसपास अवैध कब्जे करने वाले लोग कौन हैं और अस्थाई निर्माण कर खुद को घुमंतू कारोबारी बताने वाले लोगों की गतिविधियां और मूल ठिकाना क्या है? पहाड़ी क्षेत्र में अवैध मजरे एवं अवैध कब्जे भी बड़ी एक चिंता का कारण है। यदि अभी नहीं संभले तो निश्चित तौर पर आने वाले समय में पहाड़ से लेकर मैदान तक ऐसे संदिग्ध लोगों का कुनबा एक बड़ा स्वरूप ले लेगा।

# एशियाई शेरों के संरक्षण का जीवंत केंद्र लायन सफारी

**विनीत नारायण**

जहां एक तरफ़ औद्योगीकरण के नाम पर दे़ा भर में अंधाधुंध जंगल काटे जा रहे हैं, वहीं ऐसे प्रयास बहुत सराहनीय हैं जो हरित क्षेत्र को बढ़ाने की दिशा में किए गए हैं। पिछले हफ्ते मैं पहली बार पश्चिमी उत्तर प्रदेश के इटावा नगर के बाहर स्थित 'लायन सफारीइ देखने गया। इत्तेफाक ही है कि दो महीने पहले ही मैंने अफ्रीका के केन्या में स्थित 'मसाई मारा वन्य अभयारण्यइ का दौरा किया था। करीब 1.5 लाख हेक्टेयर में फैला 'सवाना ग्रासलैंडइ हजारों तरह के वन्य जीवों के मुक्त विचरण के कारण विप्रसिद्ध है। वहां मैंने एक खुली जीप में बैठ कर 3 मीटर दूर बैठे बब्बर शेर और शेरनियों को देखने का रोमांचकारी अनुभव हासिल किया। मुझे नहीं पता था कि उत्तर प्रदेश में भी एक विशाल सरकारी पार्क है, जहां बब्बर शेर और शेरनियां और तमाम दूसरे इ्क्षहसक पशु खुलेआम विचरण करते हैं। शायद आपने भी कभी इटावा के 'लायन सफारीइ का नाम नहीं सुना होगा।

इटावा का यह लायन सफारी (जिसे अब इटावा सफारी पार्क के नाम से जाना जाता है) मसाई मारा के स्तर का तो नहीं है, पर इसकी अनेक विशेषताएं इसे मसाई मारा के अभयारण्य से ज्यादा आकषर्क बनाती हैं। जहां सवाना ग्रासलैंड में पेड़ों का नितांत अभाव है और पचासों मील तक सपाट मैदान है, वहीं इटावा का लायन सफारी बीहड़ क्षेत्र में बसा है। इसमें सैकड़ों प्रजाति के बड़े–बड़े सघन वृक्ष लगे हैं। इसके चारों ओर चंबल नदी की घाटी की तरह मिट्टी के कच्चे पहाड़ हैं जिनके पास से यमुना नदी बहती है। यह न केवल एशिया के सबसे बड़े ड्राइव–थ्रू सफारी पाकी में से एक है, बल्कि एशियाई शेरों के संरक्षण का जीवंत केंद्र भी है।

इटावा लायन सफारी की अवधारणा 2006 में ही प्रस्तावित हो चुकी थी, लेकिन इसका निर्माण 2012–13 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार के दौरान शुरू हुआ। यह परियोजना उत्तर प्रदेश वन विभाग के सामाजिक वानिकी प्रभाग इटावा के तहत 'फिशर फॉरेस्टइ क्षेत्र में विकसित की गई जो इटावा शहर से मात्र 5 किमी. दूर इटावा–ग्वालियर रोड पर स्थित है। फिशर फॉरेस्ट का अपना ऐतिहासिक महत्त्व है। 1884 में इटावा के तत्कालीन जिला प्रशासक जे.एफ. फिशर ने स्थानीय जमींदारों को मना कर इस क्षेत्र में वनरोपण की शुरुआत की थी, जो राज्य का सबसे पुराना वन क्षेत्र माना जाता है। यह निर्माण कार्य उप्र. वन विभाग की निगरानी में हुआ जिसे केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की मंजूरी मिली। परियोजना को स्पेनिश आर्किटेक्ट फ्रैंक बिडल ने डिजाइन किया।

> इटावा का यह लायन सफारी (जिसे अब इटावा सफारी पार्क के नाम से जाना जाता है) मसाई मारा के स्तर का तो नहीं है, पर इसकी अनेक विशेषताएं इसे मसाई मारा के अभयारण्य से ज्यादा आकषर्क बनाती हैं। जहां सवाना ग्रासलैंड में पेड़ों का नितांत अभाव है और पचासों मील तक सपाट मैदान है, वहीं इटावा का लायन सफारी बीहड़ क्षेत्र में बसा है। इसमें सैकड़ों प्रजाति के बड़े–बड़े सघन वृक्ष लगे हैं। इसके चारों ओर चंबल नदी की घाटी की तरह मिट्टी के कच्चे पहाड़ हैं जिनके पास से यमुना नदी बहती है। यह न केवल एशिया के सबसे बड़े ड्राइव–थ्रू सफारी पाकी में से एक है, बल्कि एशियाई शेरों के संरक्षण का जीवंत केंद्र भी है। इटावा लायन सफारी की अवधारणा 2006 में ही प्रस्तावित हो चुकी थी, लेकिन इसका निर्माण 2012–13 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार के दौरान शुरू हुआ। यह परियोजना उत्तर प्रदेश वन विभाग के सामाजिक वानिकी प्रभाग इटावा के तहत 'फिशर फॉरेस्टइ क्षेत्र में विकसित की गई जो इटावा शहर से मात्र 5 किमी. दूर इटावा–ग्वालियर रोड पर स्थित है।

यह सफारी पार्क कुल 350 हेक्टेयर में फैला हुआ है, जिसकी परिधि लगभग 8 किमी. लंबी है। इसमें शेर ब्रिडिंग सेंटर के लिए 2 हेक्टेयर क्षेत्र आरक्षित है, जहां 4 ब्रिडिंग सेल हैं। सफारी के विभिन्न जोन लायन सफारी, डियर सफारी, एंटीलोप सफारी, बियर सफारी और लेर्पड सफारी। इसका बड़ा हिस्सा आरक्षित वन क्षेत्र के रूप में विकसित किया गया है। यहां पंचवटी वृक्षों (बरगद, आंवला, अशोक, बेल और पीपल) की प्रजातियों से भरा हरित आवरण है। पूरा क्षेत्र 7800 मीटर लंबी बफर बॉर्डर वॉल से सुरक्षित है, जो वन्यजीवों को बाहरी खतरों से बचाता है। 2014 में गुजरात के चिड़ियाघरों से 8 शेरों को यहां लाया गया जिनमें से कुछ कुत्ते की बीमारी (कैनाइन डिस्टेंपर) से प्रभावित हुए लेकिन अमेरिका से आयातित वैक्सीन के बाद अब यहां 19 एशियाई शेर (7 नर और 12 मादा) हैं। पार्क में 247 प्रजातियों के पक्षी, 17 स्तनधारी प्रजातियां और 10 सरीसृप प्रजातियां भी हैं।

यह सफारी पार्क जनता के लिए 24 नवम्बर, 2019 से खुला। लायन सेगमेंट को अंतिम चरण में जोड़ा गया। आज यह उप्र का एकमात्र मल्टीपल सफारी पार्क है, जो एशियाई शेर जैसी लुप्तप्राय प्रजातियों के संरक्षण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। शेर ब्रिडिंग सेंटर न केवल प्रजनन को बढ़ावा देता है, बल्कि आनुवंशिक विविधता को बनाए रखने में भी सहायक है। पर्यावरणीय दृष्टि से पार्क जलवायु परिवर्तन के दौर में जैव विविधता के संरक्षण का प्रतीक है। यहां आने वाले पर्यटक न केवल शेरों को उनके प्राकृतिक वातावरण में देख सकते हैं, बल्कि 4डी थिएटर के माध्यम से वन्यजीवों के करीब महसूस भी कर सकते हैं।सवाल है कि इसका रखरखाव और विकास कैसे सुनिश्चित हो ताकि यह प्रमुख पर्यटन स्थल बने। पार्क की डिजिटल बुकिंग सिस्टम को मजबूत किया जाना, इको–फ्रेंडली आवास सुविधाएं बढ़ाना और स्थानीय समुदायों को रोजगार से जोडऩे की जरूरत है। सौर ऊर्जा के उपयोग, जो अभी कम है, को बढ़ाकर इसे ग्रीन टूरिज्म मॉडल बनाया जा सकता है। चंबल नदी के निकट होने से नेशनल चंबल सैंक्चुअरी के साथ इंटीग्रेटेड टूर पैकेज विकसित किए जाएं। इस पार्क का बजट आवंटन बढ़ाया जाए तो यह न केवल राष्ट्रीय, बल्कि अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर भी चमकेगा। पर्यटक बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया कैंपेन और स्कूलों के लिए एजुकेशनल टूर्स आयोजित किए जाएं।

गौरतलब है कि एशियाई शेर, जो गिर वन (गुजरात) तक सीमित हैं, भारत के प्रतीक हैं। यहां आकर हम अपनी जैव विविधता की जिम्मेदारी समझते हैं। बच्चे और युवा वन्यजीव संरक्षण के महत्त्व को सीख सकते हैं, जो आज के पर्यावरण संकट के समय में आवश्यक है। पर्यटन के चलते इटावा जैसे छोटे शहरों में रोजगार सृजन होता है, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है। आगरा (ताज महल) से मात्र 2 घंटे और लखनऊ से 3 घंटे की दूरी पर स्थित होने से यह एक्सेसिबल है। यह अनूठा अनुभव प्रदान करता है, अपनी कार से शेरों को नजदीक से देखना जो अजायब घर की कैद से अलग है, यह हमें प्रकृति से जोड़ता है। भारतीयों को यहां आकर गर्व महसूस करना चाहिए कि हमारा देश ऐसे प्रयास कर रहा है, जो वैश्विक स्तर पर वन्यजीव संरक्षण में योगदान दे रहा है।

इटावा लायन सफारी केवल पर्यटन स्थल नहीं, बल्कि संरक्षण, शिक्षा और सतत विकास का प्रतीक है। सरकार, वन विभाग और नागरिकों के संयुक्त प्रयासों से इसे और समृद्ध बनाया जाए। हर भारतीय को कम से कम एक बार यहां आना चाहिए प्रकृति की पुकार सुनने के लिए, अपनी जड़ों से जुडऩे के लिए।

# जीवन का आधार और अस्तित्व की धड़कन हृदय

**नृपेन्द्र अभिषेक नृप**

मनुष्य का हृदय केवल शरीर के भीतर रक्त पंप करने वाली मशीन भर नहीं है, बल्कि जीवन का आधार और अस्तित्व की धड़कन है। जब यही धड़कन संकट में पडऩे लगती है तो संपूर्ण जीवन व्यवस्था असंतुलित हो उठती है।

हाल में काउजेज ऑफडेथ इन इंडियाः 2021–23–शीषर्क से जारी रिपोर्ट ने एक बार फिर हमें सोचने पर विवश कर दिया है कि आधुनिक जीवन की चमक–दमक और सुविधा–संपन्नता के बीच कहीं न कहीं हम अपने हृदय को खतरे में डाल रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार भारत में मृत्यु का सबसे बड़ा कारण हृदय संबंधी बीमारियां हैं, जिनसे 31 प्रतिशत लोग अकाल मृत्यु को प्राप्त हो रहे हैं।



पहले कहा जाता था कि बुढ़ापे की दहलीज पर पहुंचने के बाद दिल धोखा देता है, लेकिन ताजा आंकड़े बताते हैं कि अब 30 वर्ष से ऊपर के लोगों में ही यह मृत्यु का सबसे बड़ा कारण बन चुका है अर्थात अब हृदय रोग केवल वृद्धावस्था की बीमारी नहीं रह गई, बल्कि युवाओं और मध्यम आयु वर्ग के लिए भी उतनी ही घातक सिद्ध हो रही है। स्थिति इसलिए भी चिंताजनक है कि भारत की जनसंख्या का बड़ा हिस्सा युवाओं का है, और यही वर्ग हृदय रोग की चपेट में आने लगे तो न केवल परिवार, बल्कि समाज और राष्ट्र का भविष्य भी प्रभावित होगा। हृदय रोग की बढ़ती भयावहता को समझने के लिए हमें जीवनशैली में आए बदलावों पर नजर डालनी होगी। आधुनिक जीवन ने हमें आराम, गति और साधन तो दिए हैं, किंतु साथ ही शारीरिक श्रम से दूरी, असंतुलित खानपान, मानसिक तनाव और अनुशासनहीन दिनचर्या जैसी आदतों को भी जन्म दिया है। एक ओर फैक्टरियां, दफ्तर और तकनीक ने जीवन को आसान बनाया तो दूसरी ओर शरीर की मशीनरी को निष्क्रिय भी कर दिया। घंटों तक कुर्सी पर बैठे रहना, फास्ट फूड और जंक फूड का सेवन, मीठे–नमकीन और तैलीय पदाथरे की अधिकता, धूम्रपान और मद्यपान जैसी आदतें हृदय को धीरे–धीरे कमजोर करती रहती हैं। यह भी ध्यान देने की बात है कि कोविड–19 महामारी ने इस संकट को और गहरा किया। लंबे समय तक घरों में कैद रहना, शारीरिक गतिविधियों की कमी और मानसिक तनाव ने हृदय संबंधी रोगों के मामलों को और बढ़ा दिया। हालांकि कोविड का सीधा कारण हृदय रोग नहीं था, किंतु महामारी के दौरान उत्पन्न जीवनशैली के परिणामस्वरूप फैली निष्क्रियता ने हृदय को अतिरिक्त खतरे में डाल दिया। अधिक नमक, चीनी और वसा का सेवन, व्यायाम की कमी और मानसिक दबाव–सभी हृदय पर बोझ डालते हैं। नतीजा होता है कि रक्तचाप बढऩे लगता है, धमनियां संकुचित हो जाती हैं, और हृदय की धड़कनें असामान्य हो जाती हैं। समय रहते ध्यान न दिया जाए तो स्थिति दिल के दौरे, हार्ट फेलियर या स्ट्रोक का रूप ले लेती है। रिपोर्ट बताती है कि भारत में हर तीसरी मौत हृदय की बीमारी से हो रही है। यह आंकड़ा झकझोरने वाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी मोटापे और हृदय रोग के बढ़ते संकट को रेड सिग्नल मानते हुए इन्हें नियंत्रित करने का आह्वान किया है। मोटापा वास्तव में हृदय रोग की जड़ है। शरीर का वजन बढ़ता है, तो सीधा असर हृदय पर पड़ता है। उच्च रक्तचाप, मधुमेह और कोलेस्ट्रॉल जैसी बीमारियां मोटापे के साथ–साथ चलती हैं, और सभी मिलकर हृदय की सेहत बिगाड़ देती हैं।इस समस्या का समाधान केवल दवाओं से संभव नहीं है। इसके लिए जन–जागरूकता, जीवनशैली में बदलाव और सामाजिक स्तर पर सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। हृदय रोग केवल व्यक्तिगत संकट नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय उत्पादकता और विकास से भी जुड़ा प्रश्न है। जब कार्यशील आयु वर्ग के लोग समय से पहले बीमार पडऩे लगें या असमय मृत्यु को प्राप्त हों, तो सीधा असर अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। परिवारों की आर्थिक स्थिति कमजोर होती है। इसीलिए हृदय रोग के खिलाफ लड़ाई केवल चिकित्सीय लड़ाई नहीं, बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय संघर्ष है। समय की मांग है कि हम दिल की आवाज सुनें, उसकी धड़कनों को सुरक्षित रखें और उसे खतरे से बचाने के लिए ठोस कदम उठाएं। खानपान में सादगी, जीवन में अनुशासन, मन में संतुलन और समाज में जागरूकता–यही इस संकट के वास्तविक समाधान हैं। यदि हम इन बिंदुओं पर गंभीरता से काम करें तो हृदय रोग के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

## आई लव मोहम्मद को लेकर बवाल

उत्तर प्रदेश के बरेली में जुमे पर आई लव मोहम्मद को लेकर हुए बवाल पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ऐसा सबक सिखाएंगे कि आने वाली पीढ़ी तक दंगा करना भूल जाएगी। एक मीडिया संस्थान के कार्यक्रम में सरकार के सख्त संदेश के बाद योगी ने कहा कि मौलाना भूल गया कि शासन किसका है, मैंने बोला जाम नहीं होगा, न ही कर्फ्यू लगेगा। यह चेतावनी इत्तेहाद–ए–मिल्लद काउंसिल के प्रमुख मौलवी तौकीर रजा खान के लिए बताई जा रही है जिन्होंने आई लव मोहम्मद अभियान के नाम पर विरोध–प्रदर्शन का आह्वान किया था। रजा को पुलिस ने गिरफ्तार किया और चौदह दिन के लिए जेल भेज दिया गया। उनतालिस अन्य लोगों को भी हिरासत में लिया गया है।

आरोप है कि बाराबंकी में शुक्रवार को देर रात आई लव मोहम्मद का पोस्टर फाड़ने के बाद हंगामा हो गया था।

दरअसल, बारावफात के जुलूस के दौरान कानपुर के कुछ मुस्लिम इलाकों में आई लव मोहम्मद वाले पोस्टर/बैनर रास्ते में लगाने से हिन्दूवादी संगठनों ने आपत्ति की थी। कुछ लोगों के खिलाफ शिकयत दर्ज होने और पंद्रह अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज होने पर मामले ने तूल पकड़ लिया।

देश के अन्य इलाकों में भी लोग आई लव मोहम्मद की तख्तियां लेकर सड़कों पर उतर आए। विरोधस्वरूप कुछ हिन्दुत्ववादियों ने आई लव महादेव/महाकाल जैसे बैनर लगाने चालू कर दिए। संदेह व्यक्त किया जा रहा है कि रजा पंद्रह साल पहले हुए दंगों की तर्ज पर शहर को सुलगाने की साजिश कर रहा था।

भड़काऊबयानों द्वारा भीड़ को इक्ा करने और पत्थरबाजी कराने, चाकू–डंडे आदि से दहशत फैलाने के सबूत पाए गए हैं। मौके से अवैध हथियारों का मिलना इस बात की तस्दीक कर रहे हैं कि जानबूझकर शहर को दंगों में झोंकने की साजिश की जा रही थी।

चूंकि नमाज के वक्त स्थानीय पुलिस इलाके में मुस्तैद थी, इसलिए उसने फौरन उपद्रवियों को काबू में कर लिया। बता रहे हैं कि फसाद करने वालों को इंटरनेट के माध्यम से निर्देशित किया जा रहा था। उपद्रवियों ने पुलिस वालों पर भी हमला किया और उनके उपकरण छीनने के प्रयास किए।

निःसंदेह राज्य के मुखिया द्वारा दी गई यह धमकी कतई उचित नहीं कही जा सकती। मगर यदि वास्तव में शहर में उपद्रव फैलाना किसी का मकसद था तो उसे खुला भी नहीं छोड़ा जा सकता। यह बात धर्म विशेष तक नहीं सीमित रहनी चाहिए, बल्कि पूर्वाग्रहों के बगैर किसी भी उपद्रवी, साजिशकर्ता और दहशतगर्द के साथ मुलायमियत से पेश आने की जरूरत नहीं है।

# भागवत जितेंद्र कुमार के साथ नजर आएंगे अरशद वारसी



अरशद वारसी की आगामी फिल्म का एलान हुआ है। इस फिल्म में वे पंचायत फेम एक्टर जितेंद्र कुमार के साथ नजर आएंगे। फिल्म का नाम है भागवत। जी5 ने फिल्म का आधिकारिक एलान करते हुए फर्स्ट लुक पोस्टर भी शेयर किया है।

यह फिल्म सच्ची घटना पर आधारित है, जिसमें अरशद वारसी पुलिस ऑफिसर की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म में दर्शकों को सस्पेंस और ड्रामा दोनों का डोज मिलेगा। फिल्म इंस्पेक्टर विश्वास भागवत की कहानी पर आधारित है और यह रोल अरशद वारसी अदा कर रहे हैं। जी5 ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का फर्स्ट लुक शेयर करते हुए कैप्शन लिखा है, हमने सोचा था कि 2025 के सभी प्लॉट ट्विस्ट खत्म हो गए हैं, लेकिन सबसे बड़ा ट्विस्ट यहां है... भागवत आ रहे हैं। इस फिल्म के निर्देशन की कमान अक्षय शेरे के कंधों पर है। फिल्म को जियो स्टूडियोज, बावेजा स्टूडियोज और डॉग एन बोन पिक्चर्स मिलकर प्रोड्यूसर कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के रॉबर्ट्सगंज की भयावह पृष्ठभूमि पर बनी यह फिल्म सस्पेंस, इमोशन और ड्रामा का मिश्रण है। यह फिल्म जी5 पर रिलीज होगी। फिलहाल इसकी रिलीज डेट का खुलासा नहीं हुआ है। फिल्म भागवत में इंस्पेक्टर विश्वास भागवत (वारसी) की कहानी है, जो एक सामान्य गुमशुदा महिला के मामले में उलझ जाता है। हालांकि, जांच जल्द ही धोखे, रहस्यों और संदिग्ध तस्करी के एक अंधेरे जाल में फंस जाती है। इस उथल–पुथल के बीच मीरा और एक प्रोफेसर समीर ( जितेंद्र कुमार) के बीच प्यार पनपने लगता है।

# कानपुर में मैच से पहले ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर बीमार, फूड पॉइजनिंग की आशंका

कानपुर ,कानपुर के स्टेडियम में रविवार को भारत–ए और ऑस्ट्रेलिया–ए के बीच तीसरा अनाधिकारिक वनडे मैच खेला जाएगा, जिससे पहले कुछ ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की तबीयत बिगड़ गई है। आशंका जताई जा रही है कि ये खिलाड़ी खाना खाने से बीमार पड़े हैं। खिलाड़ियों के बीमार होने की सूचना मिलते ही खाद्य विभाग सक्रिय हो गया। संबंधित होटल से अरहर दाल, मटर पनीर, चावल, ग्रिल्ड चिकन और ड्राई फ्रूट के सैंपल ले लिए गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला के मुताबिक हो सकता है कि खिलाड़ी होटल का खाना खाने से बीमार न हुए हों, क्योंकि अन्य खिलाड़ियों को भी यही खाना दिया जा रहा है। इस मामले पर बीसीसीआई उपाध्यक्ष ने पत्रकारों से कहा, अगर खाने में कोई कमी होती तो सभी खिलाड़ी बीमार पड़ सकते थे, लेकिन ऐसा नहीं है। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को अच्छे होटल का खाना दिया जा रहा है। सभी खिलाड़ी वही खाना खा रहे हैं। हो सकता है कि 2–4 खिलाड़ी किसी और जगह से संक्रमित हुए हों। उन्होंने कहा, कानपुर में बांग्लादेश के साथ ऐतिहासिक टेस्ट मैच खेला गया है।



अब इस मुकाबले का आयोजन कानपुर को मिला है, लेकिन इस शहर में अच्छे होटलों की कमी है। हमें आयोजन के लिए जितने कमरों की जरूरत होती है, उतने मिल नहीं पाते। भारत–ए और ऑस्ट्रेलिया–ए की टीमें तीन मुकाबलों की अनाधिकारिक वनडे सीरीज में 1–1 से बराबरी पर हैं। भारत–ए ने सीरीज के पहले मैच को 171 रन से अपने नाम किया था, जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा मुकाबला डकवर्थ लुईस नियम के आधार पर 9 विकेट से जीता। ऐसे में सीरीज का तीसरा और अंतिम मुकाबला निर्णायक बन चुका है। अनाधिकारिक वनडे सीरीज से पहले दोनों टीमों के बीच 2 अनाधिकारिक टेस्ट मुकाबलों की सीरीज लखनऊमें खेली गई थी। उस सीरीज का पहला मैच ड्रॉ रहा, जिसके बाद भारत–ए ने दूसरे मुकाबले को 5 विकेट से अपने नाम किया था।

# श्रद्धा कपूर ने किया एनिमेटेड फिल्म छोटी स्त्री का ऐलान



बॉलीवुड की लोकप्रिय हॉरर–कॉमेडी फ्रेंचाइजी 'स्त्री के फैंस के लिए बड़ी खबर सामने आई है। अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने घोषणा की है कि उनकी फिल्म पर आधारित एक एनिमेटेड वर्जन 'छोटी स्त्री जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देगा। यह फिल्म बच्चों से लेकर बड़ों तक, हर उम्र के दर्शकों के लिए खास तौर पर तैयार की जा रही है।श्रद्धा कपूर ने यह ऐलान मैडॉक फिल्म्स की आने वाली फिल्म 'थामा के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में किया। इस मौके पर प्रोड्यूसर दिनेश विजान और एक्टर आयुष्मान खुराना भी मौजूद थे। श्रद्धा ने कहा कि मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स 'छोटी स्त्री लेकर आ रहा है। यह थिएटर में सभी उम्र के दर्शकों के लिए रिलीज होगी और भारत के लिए यह एक बेहद रोमांचक समय होगा। 2018 में आई पहली 'स्त्री फिल्म ने दर्शकों को डर और कॉमेडी का मिश्रण दिखाया था। इसके बाद 'रूही, 'भेड़िया और हाल ही में 'मुंज्याइ् जैसी फिल्में इसी यूनिवर्स का हिस्सा बनीं। 2024 में रिलीज हुई 'स्त्री 2 ने तो बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर सबसे बड़ी हिंदी हिट का खिताब हासिल किया।

## ट्विंकल खन्ना और काजोल ने दिए आलिया भट्ट को पेरेंटिंग टिप्स

बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट और वरुण धवन हाल ही में काजोल और ट्विंकल खन्ना के शो टू मच विद काजोल एंड ट्विंकल में दिखाई दिए। इसमें दोनों होस्ट ने आलिया भट्ट को पेरेंटिंग टिप्स शेयर कीं। आलिया भट्ट तीन साल की बच्ची राहा कपूर की मां हैं। दूसरी तरफ, ट्विंकल और काजोल ने अपने बच्चों को अच्छी परवरिश दी है। जब दोनों आलिया से मिलीं, तो उनसे अपना–अपना अनुभव शेयर करती दिखाई दीं। शो की होस्ट ट्विंकल खन्ना ने आलिया भट्ट से कहा कि उन्हें अपनी बेटी को कभी भी एक आदर्श बचपन देने की कोशिश नहीं करनी चाहिए, बल्कि उसे ढेर सारा प्यार देना चाहिए।

ट्विंकल ने कहा कि माता–पिता अपने बच्चों को चाहे कितना भी आदर्श बचपन देने की कोशिश करें, बच्चे एक दिन थेरेपी के लिए जाएंगे और अपनी सारी परेशानियों के लिए अपने माता–पिता को दोषी ठहराएंगे। शो की दूसरी होस्ट और अभिनेत्री काजोल ने आलिया भट्ट से कहा कि सबसे बड़ी बात यह है कि वह अपने बच्चे की बात सुनें,

# पाकिस्तानी स्पिनर अबरार अहमद ने दिया विवादित बयान

नई दिल्ली। अपने बेतुके सेलिब्रेशन से हमेशा ही दूसरी टीम के हाथों शिकार होने वाले और सोशल मीडिया पर ट्रोल होने वाले पाकिस्तान के स्पिनर अबरार अहमद ने भारत से फिर पंगा लिया है। एशिया कप में अपने हर पैंतरे को फेल पाने वाले अबरार अब जुबान से भारतीय खिलाड़ियों पर हमला बोल रहे हैं। उन्होंने एक भारतीय को मुक्के मारने की बात कही है।

पाकिस्तान को एशिया कप–2025 में तीन मौकों पर भारत के हाथों मुंह की खानी पड़ी थी। फाइनल में पाकिस्तान जीतता दिख रहा था, लेकिन फिर तिलक वर्मा और शिवम दुबे की पारी ने पाकिस्तान के मुंह से जीत छीन ली थी। अबरार इन मैचों में टीम का हिस्सा थे और जमकर कुटे थे।



**आता है गुस्सा**

अबरार हाल ही में पाकिस्तान के एक यूट्यूब चैनल पर इंटरव्यू दे रहे थे। तभी उनसे सवाल पूछा गया कि वो एक कौनसा क्रिकेटर है जो आपके सामने हो और आप उससे बॉक्सिंग करना चाहें, जिसपर बड़ा गुस्सा आता है? इसके जवाब में अबरार ने कहा, "मैं चाहता हूं कि मैं बॉक्सिंग करूं और शिखर धवन सामने खड़ा हो।" इसके बाद शो की एंकर ने कहा, "ओह हो जी। शिखर धवन क्या आप तैयार हैं?

**धवन ने बोला था हमला**

धवन ने साल 2025 में अपने बयानों से कई बार पाकिस्तान को आड़े हाथों लिया था। इंग्लैंड में खेली गई वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में इंडिया चैंपियंस की तरफ से खेलने वाले धवन ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेलने से मना कर दिया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर इस बात की जानकारी दी थी। इसके बाद शाहिद अफरीदी भी काफी गुस्सा हो गए थे क्योंकि फिर पूरी टीम ने ये मैच खेलने से मना कर दिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### पशुपालन विभाग गांव-गांव जाकर करेगा टीकाकरण

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः पशुपालन विभाग द्वारा जिलेभर में खुरपका-मुंहपका रोग से बचाव के लिए वृहद् टीकाकरण अभियान की शुरुआत हो गई है। यह अभियान 17 नवंबर तक संचालित किया जाएगा। इस दौरान विभाग की ओर से गठित 66 दल गांव-गांव जाकर पशुओं का टीकाकरण कार्य करेंगे। विकास भवन में कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत ने टीकाकरण वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले पशुधन की सुरक्षा के लिए यह अभियान बेहद महत्वपूर्ण है। कहा कि हमारा लक्ष्य न केवल पशुओं को बीमारियों से बचाना है, बल्कि पशुपालकों की आय में स्थिरता और वृद्धि सुनिश्चित करना भी है।

### सलोनी मिश्रा का भारतीय नौ सेना में चयन

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः जीबी पंत इंजीनियरिंग कॉलेज की पूर्व छात्रा सलोनी मिश्रा का भारतीय नौ सेना में चयन होने पर उसने कॉलेज का दौरा किया और छात्रों को कैरियर संबंधी कई सुझाव भी दिए। 20024 बैच की कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग स्ट्रीम से पास आउट छात्रा सलोनी मिश्रा भतीय नौसेना में सब लेफ्टिनेंट पद पर चयनित हुई है। छात्रा के चयन पर कॉलेज प्रबंधन ने भी खुशी जाहिर की। वहीं अपनी विजिट के तहत सलोनी ने जीबी पंत इंजीनियरिंग कॉलेज में छात्र -छात्राओं को कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए और अपने अनुभवों को साझा किया। इंजीनियरिंग कॉलेज पहुंची पूर्व छात्रा सलोनी मिश्रा को कॉलेज निदेशक डॉ वीके बंगा ने स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मनित किया और कहा कि कॉलेज से निकलकर आज सलोनी ने अपना भविष्य बनाया है। यह कॉलेज के एक लिए सम्मान का विषय है। उन्होंने कहा कि अन्य छात्रों को भी इससे प्रेरणा मिलेगी। कॉलेज निदेशक ने कहा कि छात्र चाहे जिस भी स्ट्रीम से पढ़े ,लेकिन लक्ष्य बनाकर उसी के अनुरूप कदम उठाने की जरूरत होती है।

### सड़क मरम्मत कार्य का किया निरीक्षण

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ीः आपदा से क्षतिग्रस्त सडकों को गड्ढा मुक्त करने का अभियान जारी है। जिले में विभिन्न स्थानों पर लोनिवि द्वारा सड़कों के सुधारीकरण का कार्य किया जा रहा है। 31 अक्टूबर तक सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाना है। लोनिवि के प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष इं. राजेश चंद्र शर्मा ने लोनिवि के विभिन्न मोटरमागी पर चल रहे सड़कों के सुधारीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रांतीय खंड, लोनिवि पौड़ी, प्राख, लैंसडौन, निख, लोनिवि दुगडडा, निख, लोनिवि पौडी, श्रीनगर आदि खंडों के विभिन्न मोटर मागी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्य को गुणवत्ता के साथ करने के निर्देश दिए। कहा कि इस कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान उन्होंने देवप्रयाग-सतपुली, पौडी-देवप्रयाग मोटर मार्ग, खिर्सू-श्रीनगर मोटर मार्ग, लक्ष्मणझूला-दुगडडा-हल्दूखाल, घटटूगाड-सिलोगी-गुमखाल-लैंसडौन आदि मोटर मार्गों का भी निरीक्षण किया।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवकों ने पथ संचलन कर रैली निकाली

चमोली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर कर्णप्रयाग में कार्यकर्ताओं ने देवतोली से मुख्य बाजार तक पथ संचलन कर रैली निकाली। रैली के माध्यम से देश भक्ति का संदेश दिया। साथ ही शस्त्र पूजन भी किया गया। प्रांत कार्यकारिणी के सदस्य डॉ. राकेश भट्ट ने कहा कि संघ अपने 100 वर्ष पूर्ण होने की गरिमामय गाथा को धूमधाम से मना रहा है। वक्ताओं ने कहा कि स्वयमसेवक संघ की स्थापना 1925 में हुई है, तब से अब तक की यात्रा के बारे में स्वयंसेवकों को जानकारी दी गई और देश सेवा में आरएसएस के उद्देश्य व उपलब्धि को बताया गया। संगठन ने राष्ट्रहित और समाज हित में जो काम किया उसी का परिणाम है कि संघ निरंतर बढ़ता चला गया। इस अवसर पर विष्णुदत्त भट्ट, जिला प्रचारक पीयूष, नगर विस्तारक अभिषेक, दिनेश कुनियाल, समेत दर्जनों स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### गौचर मेले की तैयारियों के लिए मंगलवार को बैठक आयोजित

चमोली। गौचर में 14 से 20 नवंबर तक आयोजित होने वाले 73वें राजकीय औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक गौचर मेले की तैयारियां शुरू हो गई हैं। मेले के आयोजन के लिए जिलाधिकारी डॉ. संदीप तिवारी की अध्यक्षता में मंगलवार को दोपहर 12.30 बजे राजकीय इंटर कॉलेज गौचर के सभागार कक्ष में बैठक आहूत की गई है।

# पंच तत्व में विलीन हुए शहीद सूरज नेगी

## जम्मू-कश्मीर के बारामूला सेक्टर में क्रास फायरिंग के दौरान हुए थे शहीद


कोटद्वार मुक्तिधाम में शहीद को अंतिम विदाई देते सैनिक

**जयन्त प्रतिनिधि।**
कोटद्वारः जम्मू-कश्मीर के बारामूला सेक्टर में क्रास फायरिंग के दौरान लालपुर निवासी सूरज नेगी शहीद हो गए थे। रविवार को कोटद्वार स्थित मुक्तिधाम में सैन्य सम्मान के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी गई। शहीद को अंतिम विदाई देने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी हुई थी।

लालपुर निवासी सूरज नेगी (25 वर्ष) पुत्र प्रेम सिंह 8-गोरखा रेजिमेंट की सातवीं बटालियन में तैनात थे। वर्तमान में सूरज की तैनाती जम्मू-कश्मीर के बारामूला सेक्टर में थी। तीन अक्टूबर को क्रास फायरिंग के दौरान गोली लगने से सूरज की मौत हो गई। घटना की जानकारी सैना ने सूरज के स्वजनों को दी। सूचना के बाद स्वजनों में कोहराम मचा हुआ था।

रविवार सुबह गोरखा रेजिमेंट शहीद का पार्थिव देह उनके घर पर लेकर पहुंची। शहीद को अंतिम विदाई देने के लिए लोगों का तांता लगा हुआ था। पूर्व सैनिकों व स्थानीय जन ने शहीदा की देह पर पुष्प चक्रव पुष्प अर्पित किए। गढ़वाल राइफल रेजिमेंट की टुकड़ी ने बलिदानी सूरज को अंतिम सलामी दी। इसके उपरांत बलिदानी के पिता प्रेम सिंह व भाई पंकज नेगी ने चिता को मुखाग्नि दी। इस मौके पर महापौर शैलेंद्र सिंह रावत, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूड़ी के पीआरओ मनीराम, पार्षद नेत्रमोहन असवाल सहित भारी तादाद में क्षेत्रीय जन मौजूद रहा।

### स्कूलों के लिए बनाई जाएगी विशेष सुधार योजना

जयन्त प्रतिनिधि।
पौड़ीः जिले में कमजोर प्रदर्शन करने वाले स्कूलों के लिए विशेष सुधार योजना बनाई जाएगी। इस योजना के तहत पहले चरण में बोर्ड में कमजोर प्रदर्शन करने वाले स्कूलों को चिहिन्त कर वहां मासिक परीक्षाओं का केंद्रीकृत मूल्यांकन कर शिक्षा की गुणवत्ता परखने की अभिनव पहल शुरू की जायगी। जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया के निर्देश पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट स्तर के स्कूलों को चिन्हित कर प्रथम चरण में परीक्षा परिणामों का विश्लेषण किया गया है। ऐसे स्कूलों की पहचान कर वहां विशेष शैक्षिक सुधार योजना लागू की जा रही है। डीएम ने बताया कि बोर्ड परीक्षा परिणामों का विश्लेषण करने में सामने आया था कि जिले के कुछ स्कूलों में बोर्ड परीक्षार्थियों के प्रदर्शन में निरंतर कमी आ रही है। बताया कि जिले में बोर्ड परीक्षाओं में कमी लाने वाले हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के छात्रों का मासिक परीक्षा का मूल्यांकन किया गया। परीक्षा मूल्यांकन के लिए सभी ब्लाकों के खंड शिक्षाधिकारियों को नामित किया गया था। इसके साथ ही डायट विशेषज्ञों और अन्य स्कूलों के शिक्षकों, खंड शिक्षाधिकारियों की समिति भी बनाई गई थी। जिनके द्वारा केंद्रीकृत परीक्षाएं आयोजित की गई।

# स्पून रेस में अनंत अग्रवाल व मिसका अग्रवाल रही प्रथम

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः महाराजा अग्रसेन की जयंती पर अखिल भारतीय वैश्य महासंगठन की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों के लिए भी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। स्पून रेस के जूनियर वर्ग में अनंत अग्रवाल व मिसका अग्रवाल प्रथम रहे।आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ संगठन की महिला इकाई अध्यक्ष रेखा मित्तल व संरक्षक मंजू अग्रवाल ने किया। उन्होंने कहा कि संगठन पिछले कई वर्षों से समाज सेवा में अपना योगदान दे रहा है। कहा कि समाज को बेहतर दिशा देने के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान आयोजित स्पून रेस प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग के बालक वर्ग में अनंत अग्रवाल प्रथम, युग सिंघल द्वितीय व कामेश मित्तल तृतीय रहे। जबकि बालिका वर्ग में मिसका अग्रवाल प्रथम, सिद्धि अग्रवाल द्वितीय व आन्या अग्रवाल तृतीय रहे। चियर रेस प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में मिसका अग्रवाल प्रथम, परिधि गुप्ता द्वितीय व अनंत अग्रवाल तृतीय रहे। लेडीज ग्रुप गेम में कनिका जैन प्रथम, रूपाली अग्रवाल द्वितीय व मधु योगेश गुप्ता तृतीय रही। महिलाओं की बंदनवार प्रतियोगिता में अंजना अग्रवाल प्रथम, श्वेता अग्रवाल द्वितीय व साक्षी अग्रवाल तृतीय रही। इस मौके पर गीता जिंदल, नेहा अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, ज्योति माहेश्वरी, मानसी गोयल, आदिती अग्रवाल, अनिल कुमार गोयल, राकेश अग्रवाल, महेंद्र कुमार अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल मौजूद रहे।

# आबादी क्षेत्र में गुलदार की धमक, दहशत में वार्डवासी



**जयन्त प्रतिनिधि।**
कोटद्वारः जंगल से सटे आबादी क्षेत्रों में गुलदार की धमक थमने का नाम नहीं ले रही। आए दिन गुलदार गली-मोहल्लों में घूमता हुआ दिखाई दे रहा है। मानपुर, लालपुर, मवाकोट के बाद अब शिवराजपुर क्षेत्र में भी लगातार गुलदार की धमक बढ़ रही है। वार्डवासियों ने वन विभाग से गुलदार को कैद कर उन्हें गुलदार के आतंक से निजात दिलवाने की मांग उठाई।

शिवराजपुर क्षेत्र बिजनौर वन प्रभाग के जंगल से सटा हुआ है। इन दिनों इलाके में गुलदार की धमक बढ़ गई है। आए दिन वार्डवासियों को गलियों में घूमता हुआ दिखाई दे रहा है। ऐसे में सबसे अधिक खतरा बच्चों को बुजुर्गों को बना हुआ है। एक सप्ताह के भीतर गुलदार क्षेत्र में कई कुत्तों को अपना निवाला बना चुका है। शाम ढ़लते ही वार्डवासियों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया। क्षेत्रवासियों का कहना है कि वर्तमान में शादियों का सीजन चल रहा है। ऐसे में कई लोग देर रात बच्चों के साथ शादी से घर लौटते हैं। ऐसे में इन लोगों को भी गुलदार का खतरा बना हुआ है। वार्डवासियों की सुरक्षा को देखते हुए क्षेत्र में पिंजरा लगाकर गुलदार को कैद किया जाना चाहिए।

### विधायक शाह ने मंत्री सतपाल से की आपदा कार्य करवाने की मांग

नई टिहरी। घनसाली विधानसभा क्षेत्र में इस वर्ष मानसून ने भारी तबाही मचाई है। लगातार हुई बारिश और भूस्खलन से सड़कों, पुलों, सिंचाई नालों और खेतों को गहरी क्षति पहुंची है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में जनजीवन प्रभावित होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। घनसाली विधानसभा की इन्हीं आपदा जनित परिस्थितियों को लेकर क्षेत्रीय विधायक शक्ति लाल शाह ने प्रदेश के लोक निर्माण एवं सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज से मुलाकात देहरादून में मुलाकात की। विधायक शाह ने मंत्री को घनसाली क्षेत्र की स्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि कई सड़कें अब भी बंद पड़ी हैं। जिससे ग्रामीणों का आवागमन बाधित है। साथ ही सिंचाई नालों और तटबंधों को हुए नुकसान के कारण किसानों की फसलों पर भी संकट मंडरा रहा है विधायक ने मंत्री सतपाल से आग्रह किया कि क्षेत्र में क्षतिग्रस्त सड़कों, पुलों, तटबंधों और सिंचाई योजनाओं की मरम्मत कार्यों को तत्काल प्रारंभ कराया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि बाढ़ सुरक्षा कार्यों और आपदा प्रभावित विकास योजनाओं के लिए विशेष बजट आवंटित किया जाना आवश्यक है। इस मौके पर सूर्य प्रकाश रतूड़ी, विक्रम असवाल सहित कई कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर मंत्री से क्षेत्र में जल्द राहत कार्यों को गति देने की अपील की।

# अग्निवीर से कमजोर हो रहा युवाओं का मनोबल


कोटद्वार से रैली को लैंसडौन के लिए रैली को रवाना करते कांग्रेसी

**जयन्त प्रतिनिधि।**
कोटद्वारः प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सैनिक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल (अप्रा) रामरतन सिंह नेगी ने कहा कि अग्निवीर योजना से सेना में भर्ती की तैयारी करने वाले युवाओं का मनोबल गिरा है। कहा कि युवाओं के हित को देखते हुए सरकार को जल्द से जल्द अग्निवीर योजना को वापस लेना चाहिए।

आयोजित कार्यक्रम के दौरान रामरतन सिंह नेगी ने कहा कि पहाड़ का युवा सेना में भर्ती होने का सपना देखता है। लेकिन, केंद्र सरकार ने इन सपनों को तोड़ने का कार्य किया गया है। केंद्र सरकार ने अग्निवीर योजना को लागू कर बेरोजगार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया।

इस योजना के लागू होने से देश की सेना कमजोर किया जा रहा है। कहा कि अग्निवीर लागू होने से पहले देश के साठ हजार युवाओं ने सेना भर्ती के लिए समस्त शर्तें पूरी कर ली थी। लेकिन, अग्निवीर योजना के लागू हो जाने से उन्हें ज्वाइंनिग नहीं मिल पाई, जिससे उनका भविष्य अधर में लटक गया है। अग्निवीर चार साल में सेवानिवृत्त होंगे। लेकिन, वे न तो पूर्व सैनिक कहलाएंगे और न ही उन्हें पेंशन मिल रही है। यदि वे देश के लिए बलिदान होंगे तो वे बलिदानी सैनिक का दर्जा भी नहीं मिलेगा।

कहा कि कांग्रेस पार्टी शुरू से ही इस योजना का विरोध कर रही है और आगे भी विरोध करती रहेगी। कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार आते ही इस योजना को समाप्त कर दिया जाएगा। इस मौके पर पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी, गोपाल गडिया, बलवीर पंवार, संजय मित्तल, गीता नेगी, रश्मि पटवाल, परवीन रावत मौजूद रहे।

# शिविर में 109 लोगों ने किया रक्तदान

## श्री सिद्धबली मंदिर समिति की ओर से आयोजित किया गया शिविर


रक्तदान शिविर का शुभारंभ करते विधायक व अन्य

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः** स्व. अखिल ध्यानी की स्मृति में श्री सिद्धबली मंदिर समिति की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 109 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान के लिए 125 लोगों ने पंजीकृत करवाया था।

रविवार को श्री सिद्धबली मंदिर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सकों ने लोगों को रक्तदान के महत्व के बारे में बताया। शिविर में 125 पंजीकृत लोगों में से 109 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में डा.उमेश सिंह, डा. एमपी श्रेष्ठ, गुलेल प्रसाद समेत 16 सदस्य टीम ने अपना सहयोग किया। लैंसडौन विधायक दिलीप रावत ने कहा कि जीवन में रक्तदान ही सबसे बड़ा दान है। हमें अपने शुभ दिवसों पर रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान से हम किसी जरूरतमंद को रक्त उपलब्ध करवा सकते हैं। इस मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष डा.जेपी ध्यानी, सचिव शिव प्रसाद पोखरियाल, कोषाध्यक्ष ऋषभ भंडारी, जहरीखाल ब्लाक प्रमुख रणवीर सिंह सजवाण, पूर्व प्रमुख सुमन कोटनाला, विजया नंद पोखरियाल, अग्रज जुयाल, रविंद्र जजेडी, राजदीप महेश्वरी, सुनील गोयल, सरदार दलजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

### डीएम टिहरी ने लिया सरस मेले की तैयारियों का जायजा

नई टिहरी। आज 6 अक्टूबर से शुरू होने वाले सरस मेले की तैयारियों को डीएम नितिका खंडेलवाल ने मुनिकीरेती के पूर्णानंद स्टेडियम में पहुंचकर जायजा लिया। 10 दिवसीय इस मेले की तैयारियों में कोई कोताही बरतने की हिदायत डीएम ने जिले के अधिकारियों को दी। मेला स्थल का निरीक्षण करते हुए डीएम ने मेला स्थल पूर्णानन्द स्टेडियम में समस्त व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर उन्होंने मंच व्यवस्था, मेला पांडाल, स्वयं सहायता समूहों एवं विभागीय स्टॉल्स, विद्युत, पेयजल, शौचालय, स्वच्छता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रचार-प्रसार आदि के संबंध में अधिकारियों से जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सभी संबंधित अधिकारियों ने अवगत कराया कि मेले की सभी तैयारियों पूर्ण कर ली गई है। डीएम ने सभी विभागों को आपसी समन्वय बनाकर मेले को सफल बनाने की बात कही।

# नागरिक मंच ने की नगर में दो टाइम पानी देने की मांग

नई टिहरी। रविवार को नागरिक मंच की मासिक बैठक नगर की विभिन्न समस्याओं को लेकर मंच के अध्यक्ष सुंदर लाल उनियाल के नेतृत्व में बौराड़ी के मिलन केंद्र में आहूत की गई। बैठक में स्मार्ट मीटर लगाने का जहां विरोध किया गया, वहीं नगर में जल संस्थान से पेयजल आपूर्ति दो बार सुबह और शाम को घरों में करने की मांग की गई। नागरिक मंच की आहूत बैठक में पुनर्वास विभाग में प्रभावितों की समस्याओं के निस्तारण के लिए ग्रवांस सेल को पुनः शुरू करने की मांग पर चर्चा की गई। कहा कि इसमें अभी 159 वाद लंबित हैं। पानी के कमर्शियल और घरेलू लाइन एक ही होने के बाद भी बिल अलग-अलग दिये जा रहे हैं। आयुर्वेदिक डाक्टरों की लिखी जांचें जिला अस्पताल में नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की गई। आरटीओ कार्यालय को पूर्व चयनित स्थल बौराड़ी बस अड्डे के निकट ही बनाने की मांग की गई। नगर के भीतर से होकर जाने वाले नेशनल हाईवे की नालियों की सफाई का जिम्मा लोनिवि को देने, टिहरी शहर के लोगों को ग्रेविटी से पेयजल उपलब्ध कराने की योजना पर कार्यवाही न होने पर नाराजगी जाहिर की गई, नरेंद्रनगर में चल रहे जिला स्तरीय कार्यालयों को नई टिहरी लाने की मांग की गई, नई टिहरी शहर की सड़कों पर पेटिंग कार्य कर दुरुस्त करने की मांग भी की गई। बैठक में मंच के अध्यक्ष सुंदर लाल उनियाल, चंडी प्रसाद डबराल, चतर सिंह चौहान, पीडी नौटियाल, नरोत्तम जखमोला, बीपी बधानी, किशोरी लाल चमोली, गुरू दत्त डोभाल, कर्म सिंह तोपवाल, प्रीति सिंह चौहान, डा उम्मेद सिंह, त्रिलोक चंद रमोला, भगवान देई तोपवाल, हरि प्रसाद विश्वकर्मा, रोशन आदि मौजूद रहे।

# मुनिकीरेती में श्रीदेव सुमन मार्ग की बदहाली से लोग परेशान



ऋषिकेश। मुनिकीरेती नगरपालिका में श्रीदेव सुमन मार्ग बदहाल है। मार्ग पर जगह-जगह गड्ढों की वजह से स्थानीय लोगों आवागमन में दिक्कतें का सामना करना पड़ रहा है। दोपहिया वाहनों के गड्ढों में अनियंत्रित होने से हादसों का डर भी बना हुआ है। श्रीदेव सुमन मार्ग मुनिकीरेती में ढालवाला क्षेत्र की सैंकड़ों की आबादी को ऋषिकेश और गंगोत्री नेशनल हाईवे से जोड़ता है। बरसात में यह मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। मार्ग के बीच में विभिन्न स्थानों पर नालियों के ऊपर बने लोहे की चैंबर भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इन चैंबरों की वजह से हादसों का खतरा स्थानीय लोगों को सता रहा है। दोपहिया वाहन सवारों को जर्जर मार्ग पर अनियंत्रित होना आम घटना हो गई है। स्थानीय निवासी सुबोध कुड़ियाल, गणेश बिष्ट, दिनेश रावत, विपिन सकलानी, कृष्णा राणा और रवि ने बताया कि सड़क की मरम्मत के लिए नगर पालिका प्रशासन को कई दफा मौखिक शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अधिकारी सुनने को ही तैयार नहीं दिख रहे हैं। उन्होंने शीघ्र सड़क की हालत सुधारने की मांग दोहराई है। वहीं, पालिकाध्यक्ष नीलम बिजल्वाण ने बताया कि निर्माण विभाग ने सड़क का सर्वे कर लिया है। फिलहाल बजट के अभाव के चलते सड़क का नवीनीकरण संभव नहीं है, लेकिन पैचवर्क कर गड्ढों की मरम्मत के साथ खराब चैंबरों को जल्द बदल दिया जाएगा।

### दुर्गा वाहिनी ने किया पथ संचलन

चमोली। दुर्गाष्टमी के अवसर पर चमोली जिले के मुख्यालय गोपेश्वर में दुर्गा वाहिनी से जुड़ीं महिलाओं ने पथ संचलन किया। पीले परिधान में सजी दुर्गा वाहिनी की महिलाओं ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक कार्यालय से लेकर गोपीनाथ मंदिर से गुजरते हुए रविवार को पथ संचलन किया। दुर्गा वाहिनी की महिलाओं ने हाथों में प्रतीक रूप में तलवार, गदा , त्रिशूल और भगवा ध्वज हाथों में लेकर पूरे नगर में पथ संचलन किया। गोपेश्वर में रविवार को दुर्गा वाहिनी की महिलाएं सुबह ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक कार्यालय पहुंची। यहाँ उन्होंने ने प्रार्थना की और सामुहिक तौर पर मां भवानी और भारत माता के चित्र के आगे दीप जलाकर पूजा अर्चना की।

# स्वदेशी को घर-घर पहुंचाने से विकसित भारत की संकल्पना होगी पूरी

नई टिहरी। भाजपा की जिला स्तरीय आत्म निर्भर भारत संकल्प अभियान की कार्यशाला में भारत में बनी वस्तुओं के उपयोग करने पर जोर दिया। कहा कि भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिया है,उसे साकार करने में हर कार्यकर्ता की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने जल्द ही मंडल स्तर पर भी कार्यशाला कर स्वदेशी अभियान को घर-घर पहुंचाने पर जोर दिया। रविवार को भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष उदय रावत की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में पहुंचे नवनियुक्त प्रदेश मंत्री नलिन भट्ट का कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से स्वागत कर खुशी व्यक्त की। इससे पूर्व प्रदेश मंत्री नलिन भट्ट का ढालावाला, नरेंद्रनगर, आगराखाल,खाडी,नागणी,साबली,चंबा आदि स्थानों पर भी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता विशाल गुप्ता ने आत्म निर्भर भारत की संकल्पना के बारे जानकारी दी। कहा कि पंच परिवर्तन में स्वदेशी भी शामिल है। कहा कि भारत की संस्कृति,विरासत और यहां बनी वस्तु पर देशवासी को गर्व होना चाहिए। कहा कि जागरण अभियान के माध्यम से लोगों को स्वदेशी का उपयोग करने लिए प्रेरित किया जाए। जिले के सहप्रभारी रविंद्र राणा ने कहा कि संगठन के द्वारा जारी होने वाले कार्यक्रमों को गंभीरता से किए जाने चाहिए। जिला स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों में हर मंडल का प्रतिनिधित्व होना भी जरूरी है। प्रदेश मंत्री नलिन भट्ट ने कहा कि भाजपा में हर कार्यकर्ता को सम्मान दिया जाता है। पार्टी की नजर हर कार्यकर्ता के काम पर होती है। ऐसे में कार्यकर्ता को अपने कार्यों को मजबूती से करना चाहिए। प्रदेश आईटी संयोजक प्रवीन लेखवार ने कहा कि विरोधियों के द्वारा सोशल मीडिया में फैलाई जाने वाले नकारात्मक बातों का जवाब कार्यकर्ताओं से लेकर पदाधिकारियों और सरकार में शामिल हर व्यक्ति को मजबूती के साथ देना चाहिए।

# धराली में डीएम ने प्रभावितों से मुलाकात कर सुनी समस्याएं

उत्तरकाशी। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने गत दिवस देर शाम धराली गांव का दौरा कर आपदा प्रभावित लोगों से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने धराली क्षेत्र में चल रहे तात्कालिक आपदा पुनर्निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

डीएम ने चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण कर जायजा लिया और यात्रा पड़ावों पर मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए। धराली में ग्रामवासियों की विभिन्न मांगों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आगामी 14 अक्टूबर को धराली गांव में एक विशेष शिविर आयोजित किया जाए। जिसमें प्रभावितों के आवश्यक प्रमाण पत्र मौके पर ही निर्गत किए जा सके। जिलाधिकारी ने शिविर में स्वास्थ्य विभाग,राजस्व,समाज कल्याण, ग्राम्य विकास, पंचायती राज आदि विभागों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने धराली में निर्माणाधीन सेब कलेक्शन एवं ग्रेडिंग सेंटर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यों में गति लाने और तय समयसीमा के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। ताकि स्थानीय किसानों को इसका शीघ्र लाभ मिल सके। डीएम ने धराली मुखबा पैदल मार्ग पर सुरक्षात्मक कार्यों का भी निरीक्षण किया। डीएम प्रशांत आर्य ने बताया कि इन दिनों सीमांत के गांव सुखी, झाला, जसपुर, पुराली, हर्षिल धराली में सेब सीजन भी शुरू हो चुका है। यात्रा पर आए विभिन्न राज्यों के तीर्थयात्री सेब की भरपूर खरीदारी कर रहे है। इससे स्थानीय बागवानों को अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त हो रहा है। तथा इससे कृषि, बागवानी एवं पर्यटन को प्रोत्साहन मिल रहा है।

## दो लाख का बीमा भुगतान किया

उत्तरकाशी। भारतीय स्टेट बैंक गडोली (बनाल) में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्व. जितेंद्र चौहान, निवासी ग्राम पंचायत बखरेटी के परिजनों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अर्गत 2 लाख का बीमा दावा प्रदान किया गया। गौरतलब है कि स्व. जितेंद्र चौहान ने वर्ष 2024 में ग्राम पंचायत बखरेटी में आयोजित (सीआराईएसआईएल) वित्तीय साक्षरता शिविर में भाग लिया था, जिसके दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से मात्र 436 वार्षिक प्रीमियम पर बीमा करवाया था। उनके असामयिक निधन के बाद, बैंक प्रबंधक कपिल अग्रवाल के अथक प्रयासों से उनकी नोमिनी ललिता देवी को योजना के अंतर्गत दो लाख की बीमा राशि प्राप्त हुई। ग्रामीणों एवं परिवारजनों ने इस संवेदनशील पहल के लिए बैंक प्रबंधक कपिल अग्रवाल एवं भारतीय स्टेट बैंक गडोली बनाल शाखा का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

### कबड्डी अंडर 19 में जीआईसी चंबा ने मारी बाजी

नई टिहरी। तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय चम्बा की माध्यमिक शरदकालीन क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन खो-खो, कबड्डी व वॉलीबाल प्रतियोगिताओं का जीआईसी रानीचौरी में शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के जिला मंत्री सुशील बहुगुणा ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि युवा अपने जीवन में खेलों को प्राथमिकता से शामिल करें और खेलों को निष्पक्ष रूप ये भाईचारे के साथ खेलें। इस ब्लॉक क्रीड़ा प्रतियोगिता में जीआईस रानीचौरी चंबा ब्लाक के 28 इण्टर कॉलेज के 525 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर रहे हैं। कबड्डी प्रतियोगिता में अंडर 19 बालक वर्ग में प्रथम जीआईसी चम्बा व नागणी द्वितीय रहा। जबकि अंडर 19 बालिका वर्ग में जीआईसी चम्बा प्रथम व नरेंद्र महिला विद्यालय द्वितीय रहा। अंडर 17 बालक वर्ग में सुरकंडा प्रथम व बादशाही थौल द्वितीय रहा। जबकि अंडर 17 बालिका वर्ग में खंडकरी प्रथम व नरेंद्र महिला द्वितीय रहा। अंडर 14 बालक वर्ग में रानीचौरी प्रथम व नैचोली द्वितीय रहा है।

# स्वदेशी उत्पादों की खरीद और बिक्री को बढ़ावा देंगेः परिहार

श्रीनगर गढ़वाल। भाजपा प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में आत्मनिर्भर भारत अभियान एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसका उद्देश्य हर भारतीय को सक्षम और स्वावलंबी बनाना है। कहा कि यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक जनांदोलन है जो स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देने और वोकल फॉर लोकल की भावना को मजबूत करता है। परिहार ने कहा कि दीपावली के अवसर पर भाजपा पूरे प्रदेश में स्वदेशी उत्पादों की खरीद और बिक्री को बढ़ावा देने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाएगी। परिहार भारतीय जनता पार्टी श्रीनगर मंडल कार्यालय में रविवार को आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। बताया कि आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर तक प्रदेशभर में व्यापारी सम्मेलन, उद्योग सम्मेलन, प्रभात फेरी, मशाल यात्रा, नुक्कड़ नाटक, किसान मार्च, संत सम्मेलन, महिला सूक्ष्म उद्यमी सम्मेलन, आत्मनिर्भर भारत सेमिनार और चित्रकला प्रतियोगिताएं जैसी विविध गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।जिला अध्यक्ष कमल किशोर रावत ने कहा कि युवाओं को नवाचार, स्टार्टअप्स और डिजिटल मंचों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### सरेराह हुड़दंग करने वाले दस आरोपी गिरफ्तार

हरिद्वार। थाना सिडकुल पुलिस ने शनिवार देर शाम सड़क पर हुड़दंगबाजी कर रहे 10 युवकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की है। आरोपी सरेआम सड़क पर झगड़ा कर माहौल खराब कर रहे थे, जिससे राहगीरों और आसपास के लोगों में भारी रोष व्याप्त हो गया। पुलिस ने सभी पर शांतिभंग में कार्रवाई की। सिडकुल थाना प्रभारी नितेश शर्मा ने बताया कि सभी युवक सिडकुल थाना क्षेत्र के महादेवपुरम और नेहरू कॉलोनी के आसपास हैं जो कि सड़क पर जमकर हंगामा कर रहे थे। स्थानीय लोगों ने जब विरोध किया तो विवाद और बढ़ गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपियों को हिरासत में लिया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए हुड़दंगियों में नेहरू कॉलोनी निवासी सुमित निवासी, मोहित सैनी, केशव शर्मा, गौरव शर्मा, महादेव पुरम निवासी निखिल निवासी, दीपक शर्मा पुत्र गंगादास, दीपक शर्मा पुत्र सतेन्द्र शर्मा, अजय कुमार, नन्दलाल, अंकुर सैनी निवासी मिनाक्षीपुरम कॉलोनी शामिल हैं।

### घर में घुसकर मारपीट करने में 25 लोगों पर केस

हरिद्वार। कस्बा बहादराबाद में युवक से मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने मारपीट और गाली-गलौज की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। शिकायतकर्ता मैनपाल सिंह पुत्र फूल सिंह निवासी पिरपुरा मंगलौर हाल बहादराबाद का आरोप है कि वह अपने किराये के घर में परिवार के साथ बैठा था। मैनपाल का आरोप है कि बाहर से किसी ने आवाज लगाई। आरोप है कि सामने वाले ने बिना किसी बात के गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि घर में सौरभ, अर्जुन, सागर, संजय, अभिषेक, विशाल और अंकित समेत करीब 25 अज्ञात लोग घर में घुस आए। शिकायतकर्ता और उसके बच्चों के साथ मारपीट की। बहादराबाद थाना प्रभारी अंकुर शर्मा ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

### लोहाघाट अस्पताल में रिक्त पड़े पदों को भरने की मांग उठाई

चम्पावत। लोहाघाट में उपजिला अस्पताल में समस्याओं के निदान के लिए जनप्रतिनिधियों ने डीएम को ज्ञापन भेजा। जिसमें उन्होंने रिक्त पड़े पदों को भरने की मांग उठाई। पाटन-पाटनी क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य सुनीता जोशी और पूर्व सदस्य सचिन जोशी ने डीएम मनीष कुमार को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि लोहाघाट अस्पताल क्षेत्र का सबसे व्यस्त स्वास्थ्य केंद्र है, जहां लोहाघाट, बाराकोट, पाटी और दूरस्थ इलाकों से मरीज इलाज के लिए आते हैं। अस्पताल का सीएचसी से उपजिला चिकित्सालय के रूप में उच्चीकरण तो हो चुका है, लेकिन अभी तक मरीजों को केवल सीएचसी स्तर की सुविधाएं ही उपलब्ध हो पा रही हैं। उपजिला स्तर की सभी सुविधाओं को शीघ्र उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा, ईएनटी ऑपरेशन थिएटर में आवश्यक उपकरणों की व्यवस्था हो ताकि कान, नाक, गले संबंधी ऑपरेशन अस्पताल स्तर पर ही हो सकें। कहा कि उपचिकित्सालय में हड्डी रोग विशेषज्ञ और बाल रोग विशेषज्ञ की तैनाती की जाए।

### लायंस क्लब ऋषिकेश रॉयल ने किया दीवाली मेला 2025 का आयोजन

ऋषिकेश। लायंस क्लब ऋषिकेश रॉयल ने दीवाली मेला 2025 का आयोजन किया। जिसमें क्षेत्रीय युवक-युवतियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समां बांधा। मुस्कान ने मिस ऋषिकेश 2025 का ताज जीता। शनिवार देर रात श्री भरत मंदिर इंटर कॉलेज के खेल मैदान में लायंस क्लब ऋषिकेश रॉयल द्वारा दीवाली मेला 2025 का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने दीप जलाकर किया। उन्होंने कहा कि दीवाली मेला हमारी संस्कृति का पहचान है। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने कहा कि मेले हमें हमारी संस्कृति, त्योहार आदि के बारे में जानकारियां देते हैं। भाजपा जिला महामंत्री प्रतीक कालिया ने कहा कि ऐसे आयोजन ऋषिकेश की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाते हैं। मेले में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की धूम रही। विदुषी सकलानी ने जूनियर डांस में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

फ्लो होपर ने सीनियर डांस में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दर्शकों की वाहवाही लूटी। वहीं वन डायरेक्शन क्रिव ने ग्रुप डांस में अपने शानदार प्रदर्शन से सबका दिल जीत लिया। अवंत सिंह ने सिंगिंग कैटेगरी में अपनी मधुर आवाज़ से समां बांधा। इसके बाद मिस ऋषिकेश 2025 के तहत क्षेत्र की युवतियों ने भारतीय पारंपरिक परिधानों में रैंप वॉक किया।

# गंगाघाटी में राफ्टिंग के लिए उमड़े पर्यटक

ऋषिकेश। वीकेंड पर मुनिकीरेती में राफ्टिंग के लिए पर्यटकों की भीड़ उमड़ी। पर्यटकों ने कौड़ियाला और शिवपुरी से राफ्टिंग करते हुए गंगा की लहरों पर सहासिक पर्यटन का लुत्फ उठाया। इस दौरान गंगा दिनभर रंग-बिरंगी राफ्टों से अटी रही। रविवार को सुबह से ही दिल्ली, एनसीआर, यूपी और हरियाणा के पर्यटक राफ्टिंग के लिए मुनिकीरेती में जुटने शुरू हो गए थे।

दोपहर तक मुनिकीरेती और आसपास राफ्टिंग कंपनियों के कार्यालयों में बुकिंग के लिए पर्यटक उमड़ पड़े। पर्यटकों की भीड़भाड़ से मुख्य मार्ग पर लोगों को आवागमन में दिक्कतें भी पेश आईं। वहीं, पर्यटकों की बढ़ती आमद से राफ्टिंग व्यवसायियों के चेहरे खिले दिखे। कारोबारी वैभव थपलियाल ने बताया कि मौसम साफ होने के साथ ही पर्यटकों का आवागमन भी तेजी से बढ़ा है। इस सीजन में अच्छे कारोबार की उम्मीद है। उधर, सहासिक पर्यटन अधिकारी जसपाल चौहान ने बताया कि 27 सितंबर से गंगा में राफ्टिंग की शुरुआत की गई है।



अभी तक चार हजार से ज्यादा पर्यटक राफ्टिंग कर चुके हैं। रविवार को भी 526 पर्यटकों ने राफ्टिंग की। बताया कि राफ्टिंग कंपनियों को पर्यटकों की सुरक्षा और मानकों का ख्याल रखने के लिए सख्त निर्देश जारी भी किए गए हैं। निगरानी के लिए विभागीय टीम औचक निरीक्षण भी कर रही है।

## बंद घर में चोरी में पांच आरोपी गिरफ्तार

ऋषिकेश। देवग्राम कॉलोनी में एक बंद घर से कीमती सामान पर हाथ साफ करने वाले पांच चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। निशानदेही पर पुलिस ने आरोपियों से गैस सिलेंडर, इनवर्टर और कैमरा भी बरामद किया है। पेशी के बाद कोर्ट ने सभी आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक डोईवाला स्थित देवग्राम कॉलोनी निवासी कुसुम असवाल ने दो अक्तूबर को शिकायत दी। बताया कि चोरी की यह घटना 13 सितंबर की है। वह घर का ताला लगाकर बाहर गई थी। इसी बीच अज्ञात ने ताला तोड़कर घर से सामान चोरी कर लिया। अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पहचान के प्रयास में जुटी पुलिस ने बीते शनिवार को पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल कमल कुमार लुंठी ने बताया कि आरोपियों को कुड़कावाला स्थित कब्रिस्तान के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उन्होंने कुसुम असवाल के यहां चोरी की घटना को अंजाम देना कबूल किया है।

# जादूंग गांव में निर्माणाधीन कार्यों को शीघ्र पूरा करें: डीएम

उत्तरकाशी। भारत-चीन सीमा से लगे जनपद का सीमांत गांव जादूंग अब वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत पर्यटन की दिशा में नई पहचान बनने की ओर अग्रसर है। वहां स्थानीय नागरिकों को सामाजिक-आर्थिक विकास और रोजगार से जोड़ने के साथ ही विभिन्न विकास कार्य तेजी से जारी हैं। रविवार को जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने जादूंग गांव का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण से पूर्व जिलाधिकारी ने सीओ आईटीबीपी एवं अन्य अधिकारियों के साथ समसामयिक विषयों पर भी चर्चा की। जिलाधिकारी ने कहा कि योजना के प्रथम चरण में पारम्परिक शैली में 6 होम स्टे का निर्माण कार्य प्रगति पर है। तथा दूसरे चरण में 8 होम स्टे बनाए जाएंगे। कुल 14 होम स्टे के पूरा होने पर जादूंग गांव में आने वाले पर्यटकों को ठहरने की आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। इससे एक ओर जहां पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, वहीं दूसरी ओर स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान जादूंग गांव खाली कराया गया था। हालांकि स्थानीय ग्रामीण आज भी अपने देवस्थानों की पूजा के लिए गांव में आते रहे हैं। अब वाइब्रेंट विलेज योजना के अंतर्गत यहां बुनियादी ढांचे के विकास, पर्यटन सुविधाओं के विस्तार और गांव को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में जादूंग गांव सीमांत पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनेगा और इससे राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ-साथ स्थानीय संस्कृति और अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। इस दौरान सीडीओ एसएल सेमवाल, सीओ आईटीबीपी भानुप्रताप सिंह, जिला पर्यटन विकास अधिकारी केके जोशी, समन्वयक आपदा जय पंवार, कपिल उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### शांति व्यवस्था भंग करने पर कार्रवाई

हरिद्वार। पथरी थाना पुलिस ने ग्राम बुक्कनपुर में शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, आरोपी जॉन पुत्र विक्रम स्थानीय लोगों से गाली-गलौज कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने उसे शांति व्यवस्था बिगाड़ने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया।

# भारी वर्षा की सम्भावना को देखते हुए उच्च हिमालयी क्षेत्रों में ट्रेकिंग पर रोक

देहरादून। जनपद चमोली में भारी वर्षा की सम्भावना को देखते हुए रविवार से लेकर 7 अक्टूबर तक उच्च हिमालयी क्षेत्रों में ट्रैकिंग पर रोक लगाई गई है। साथ ही जोखिम वाले क्षेत्रों में भी मजदूरों द्वारा निर्माण कार्य पर भी रोक लगाई गई है।

अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय मौसम विभाग द्वारा प्राप्त पूर्वानुमान के अनुसार रविवार से 7 अक्टूबर जनपद चमोली सहित प्रदेश के अन्य जनपदों में भारी से भारी वर्षा होने की संभावना है। जिसे देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा उच्च हिमालयी क्षेत्रों ट्रेकिंग गतिविधियों पर रोक लगाने के साथ साथ सभी विभागों व कार्यदायी संस्थाओं को जोखिम वाली जगहों पर मजदूरों से कराए जा रहे, निर्माण कार्य पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही पूर्व में दी गई ट्रेकिंग अनुमतियां तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दी गई हैं। अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश ने जनपद वासियों से अपील की है कि भारी वर्षा की स्थिति को देखते हुए सभी लोग सतर्कता और सावधानी बरतें। भारी बारिश की स्थिति में भूस्खलन मार्ग अवरोध और नदी-नालों के जलस्तर में वृद्धि की संभावना रहती है, अतः लोग जोखिम भरे क्षेत्रों से दूर रहें,अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल प्रशासन द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें।

## वन्य जीवों की सुरक्षा को लेकर किया जागरूक

ऋषिकेश। डोईवाला पुलिस के सहयोग से वन विभाग ने लच्छीवाला रेंज अंतर्गत वन्य जीव संरक्षण सप्ताह मनाया। जिसमें वन्य जीवों का अवैध शिकार रोकने और उनकी सुरक्षा के लिए लोगों को जागरूक किया गया। रविवार को लच्छीवाला वन रेंज में वन्य जीव सप्ताह के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कोतवाली प्रभारी कमल कुमार लुंठी ने कहा कि पुलिस बल हमेशा वन्य जीवों और पर्यावरण की सुरक्षा में पूरी तरह सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। अवैध शिकार पर नकेल कसने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा और इस अभियान में पुलिस और वन विभाग संयुक्त रूप से निगरानी एवं कार्रवाई करेंगे। वन क्षेत्राधिकारी मेधावी कीर्ति ने कहा कि वन्य जीव संरक्षण केवल वन विभाग की जिम्मेदारी नहीं,

# ऋषिकेश में वीकेंड पर ट्रैफिक जाम ने बढ़ाई मुसीबत

ऋषिकेश। वीकेंड पर ऋषिकेश में ट्रैफिक बेपटरी हो गया। सैर-सपाटे और सहासिक पर्यटक का लुत्फ उठाने के लिए पहुंचे पर्यटकों को जाम की वजह से दो-चार होना पड़ा। स्थानीय लोगों को भी जाम में फंसने से फजीहत झेलनी पड़ी। रविवार को सुबह से ही मुख्य मार्ग पर ट्रैफिक पटरी से उतर गया। जयराम चौक से लेकर मुनिकीरेती तक यातायात प्रभावित रहा।

महज दस सात मिनट का सफर पर्यटकों के लिए एक घंटे में तब्दील हो गया। रोजमर्रा के कामकाज के लिए बाजार के लिए निकले स्थानीय लोगों को भी इससे परेशानी पेश आई। मुख्य मार्ग पर जाम के चलते सवारी वाहन चालकों ने आंतरिक सड़कों का रुख किया। इससे शहर के ब्रांच रूटों पर भी ट्रैफिक व्यवस्था लड़खड़ा गई। शाम को त्योहारी



सीजन में लोगों की खरीदारी को भीड़ बढ़ने पर हालात और भी बेकाबू हो गए। जाम में स्थिति यह हुई कि लोगों को सड़कों पर पैदल चलने के लिए भी ठीक से जगह नहीं मिल सकी। इसी बीच चौक-चौराहों पर तैनात होमगार्ड और पुलिस जवान ट्रैफिक को सुचारू रखने के लिए जद्दोजहद करते दिखे, मगर वाहनों के अत्याधिक दबाव में वह भी व्यवस्था बनाने में बेबस दिखे। जाम का यह हाल शहर में सुबह दस बजे से लेकर रात नौ बजे रहा।

# आज बहादराबाद में चार घंटे की बिजली कटौती होगी

हरिद्वार। ऊर्जा निगम आज बहादराबाद क्षेत्र में चार घंटे की बिजली कटौती करेगा। मरम्मत काम के लिए दिन में तीन उपसंस्थानों से बिजली की सप्लाई बंद की जाएगी। इस कारण सोमवार को करीब 30 हजार की आबादी को बड़ी परेशानी होगी।

कटौती के दौरान लोगों के जरूरी काम प्रभावित रहेंगे। साथ ही त्योहार सीजन में कारोबारियों को नुकसान उठाना पड़ेगा। वहीं, कटौती के दौरान लोगों को पानी की किल्लत से भी जूझना पड़ेगा। सोमवार को ऊर्जा निगम उपकेंद्र ज्वालापुर के विद्युत उपसंस्थान सहदेवपुर, बहादराबाद और ट्रांसपोर्ट नगर के फीडरों पर मरम्मत के काम करेगा। इस दौरान तीनों उपसंस्थनों के संबंधित फीडरों पर एएएसी कवर्ड कंडक्टर को बदलने और नए विद्युत पोल स्थापित करने का काम होगा। मरम्मत काम के लिए ऊर्जा निगम



सुबह 10 बजे से क्षेत्र में बिजली की सप्लाई बंद करेगा। काम पूरा होने के बाद दोपहर को दो बजे तीनों उपसंस्थान से क्षेत्र में बिजली की सप्लाई सुचारू की जाएगी। बिजली कटौती के दौरान सहदेवपुर, अहमदपुर ग्रंट, शांतरशाह, हरि आश्रय नगर, पतंजलि के आसपास का क्षेत्र, बुड्ढाहेड़ी, बहादराबाद, रघुनाथ मॉल, जमालपुर खुर्द, ड्रीम सीटी, वसुंधरा एन्क्लेव, नक्षत्र वाटिका, आनंद विहार, शक्ति विहार, इब्राहिमपुर और रानीपुर झाल आदि क्षेत्र में लोगों को बड़ी दिक्कत उठानी पड़ेगी। लोगों भीषण गर्मी में बिजली कटौती से जूझना पड़ेगा।

**त्योहार में बिजली की आपूर्ति सुचारु रखने की मांग**

ग्रामीण सुशील चौहान, हिमांशु चौहान, कार्तिक, विजय सिंह, सुमन, कुसुम आदि का कहना कई की त्योहार सीजन में बिजली कटौती से लोगों को बड़ी परेशानी हो रही है। कारोबार में नुकसान उठाना पड़ता है। घरेलू काम भी समय से पूरे नहीं होते हैं। पानी की वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ती है। बताया कि दिन में कई दफा बिजली की ट्रिपिंग हो रही है। दो घंटे की बिजली कटौती भी ऊर्जा निगम कर रहा है। मांग करते हुए कहा कि त्योहारों के समय बिजली की आपूर्ति सुचारु रखी जाए।

**यह काम प्रभावित रहेंगे**

बिजली आपूर्ति ठप होने से फोटो कॉपी, कंप्यूटर संबंधित कार्य, कॉमन सर्विस सेंटर, वेल्डिंग, आटा चक्की, लेथ मशीन और अन्य बिजली से संचालित होने वाले कारोबार प्रभावित होंगे। साथ ही बिजली की आपूर्ति बंद होने से बेकरी, कोल्ड ड्रिंक, मिठाई, आईसक्रीम पार्लर, जूस सेंटर, कंफेक्शनरी आदि के छोटे दुकानदारों को नुकसान उठाना पड़ेगा।

सहदेवपुर में जारी रहेंगे काम हरिद्वार उपसंस्थान सहदेवपुर पर आठ और 10 अक्तूबर को मरम्मत के काम जारी रहेंगे। आगामी बुधवार और शुक्रवार को भी उपसंस्थान दिन में चार घंटे बंद रहेगा। 10 अक्तूबर को उपसंस्थान पर मरम्मत के काम पूरे होंगे।

## कटारपुर गोलीकांड में फरार दोनों आरोपी भी गिरफ्तार

हरिद्वार। पथरी क्षेत्र के कटारपुर गांव में हुए गोलीकांड में फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पार्टी करने के दौरान मामूली विवाद के बाद आरोपी ने फायर झोंक दिया था। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल किया गया तमंचा भी बरामद कर लिया है। एसओ पथरी मनोज नोटियाल के अनुसार, घटना 25 सितंबर की शाम लगभग साढ़े सात बजे की है। कटारपुर निवासी अनुज ने अपने गांव के ही अर्जुन पुत्र सुरेन्द्र पर जान से मारने की नियत से फायर किया था। जिसमें अर्जुन गम्भीर रूप से घायल हो गया था। अर्जुन की पत्नी की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी अनुज को पहले ही भट्ठा तिराहे पथरी के पास से गिरफ्तार कर लिया था।

# पर्यावरण संरक्षण हमारे जीवन के लिए जरूरी : लोकेंद्र

हरिद्वार। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हरिद्वार नगर की हरकीपैड़ी बस्ती की ओर से मायादेवी मन्दिर परिसर में संघ शताब्दी विजयदशमी उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। संघ के पदाधिकारियों ने भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शस्त्र पूजन किया गया।

उत्सव में दिवगंत स्वयंसेवकों के चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई थी। हरिद्वार विभाग के कार्यवाह लोकेंद्र ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारे जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह हमारे जीवन को स्वस्थ और सुरक्षित बनाने में मदद करता है। पर्यावरण संरक्षण के बिना, हमारा भविष्य खतरे में पड़ सकता है। पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। हमें सभी को मिलकर पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करना होगा। बताया कि डॉ. हेडगेवार ने विजयदशमी के दिन ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी, इसलिए विजयदशमी का यह दिन हम सबके लिए बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। संघ ने 100 वर्ष पूर्ण होने पर समाज परिवर्तन के लिए पंच परिवर्तन का संकल्प लिया है। इसके अंतर्गत सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्यों के पालन, स्वाधारित जीवनशैली, पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्रीमायादेवी मन्दिर के मुख्य पुजारी महंत भाष्कर गिरी ने कहा सनातन संस्कृति को बचाने का जो काम संघ कर रहा है, वह सहरानीय है। इसके उपरन्त स्वयंसेवको ने पथ संचलन निकला जो कि भागर्व वाली गली से निकल कर रेलवे रोड, पोस्ट ऑफिस, अपर रोड से होते हुए हरकी पौड़ी, नाई सोता, बड़ा बाजार, गऊ घाट, मोती बाजार, सब्जी मंडी, विष्णुघाट, भोलागिरी मार्ग होता हुआ पुनः मायादेवी मन्दिर प्रांगण में सम्पन्न हुआ।

## स्कूलों को हर हाल में गठित करनी होगी अध्यापक-अभिभावक एसोसिएशन

देहरादून। स्कूलों में शिक्षक अभिभावक एसोसिएशन के गठन हर हाल में करना होगा। इस संबंध में सभी जिलों के मुख्य शिक्षा अधिकारियों को आदेश दिए गए हैं। उन्हें तय शैक्षिक कैलेंडर के अनुसार स्कूलों में एसोसिएशन का गठन सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।

कोटद्वार के काशीरामपुर मल्ला निवासी अवनीश अग्निहोत्री की अपील पर सुनवाई करते हुए सूचना आयोग ने शिक्षा सचिव और निदेशक माध्यमिक शिक्षा को पत्र जारी किया था, जिसमें शिक्षा विभाग को स्कूलों में शिक्षक अभिभावक समिति का गठन सुनिश्चित करने के लिए सभी स्कूलों को शिक्षक अभिभावक संघ गठन की नियमावली से अवगत कराने के आदेश दिए गए थे। निदेशक माध्यमिक शिक्षा डॉ.मुकुल कुमार सती ने सूचना आयोग के पत्र का हवाला देकर सभी जिलों के मुख्य शिक्षा अधिकारियों को आदेश दिए हैं कि वह सभी स्कूलों में शिक्षक अभिभावक संघ का गठन शैक्षिक कैलेंडर के अनुसार करें।

उन्होंने स्कूलों को उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा नियमावली-2006 के प्रावधानों के तहत एसोसिएशन के गठन की प्रक्रिया करने के लिए कहा है। डॉ.सती ने कहा कि शैक्षिक कैलेंडर में इसका उल्लेख किया जाता है और स्कूलों को इसके अनुसार ही अनिवार्य रूप से शिक्षक अभिभावक संघ का गठन करना होगा।

## डीएम और जिला जज ने दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

हरिद्वार। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरिद्वार के तत्वावधान में रविवार को नशा उन्मूलन और नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली की अध्यक्षता जिला न्यायाधीश और अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेंद्र दत्त ने की। ऋषिकुल मैदान पर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित और जिला न्यायाधीश नरेंद्र दत्त ने जनसमूह को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। इसके बाद पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जिलाधिकारी, जिला न्यायाधीश और एसपी सिटी जितेंद्र मेहरा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, इनर व्हील क्लब, बाल कल्याण समिति, जिला प्रोबेशन कार्यालय, बाल संरक्षण विभाग, मेडिकल और लॉ कॉलेजों, सरकारी व निजी विद्यालयों के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। युवाओं ने ह्यनशा छोड़ो, जीवन जोड़ो और ह्यस्वस्थ समाज की यही पहचान, नशा मुक्त हो देश महान जैसे नारे लगाकर जागरूकता का संदेश दिया।

# कनखल क्षेत्र में बढ़ते अपराधों को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिद्वार। कनखल क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक घटनाओं के विरोध में जिला महानगर कांग्रेस कमेटी हरिद्वार ने रविवार को कनखल थाने के बाहर प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए और चेतावनी दी कि यदि जल्द ही अपराधों पर अंकुश नहीं लगा तो आंदोलन किया जाएगा। जिला महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग ने कहा कि भाजपा सरकार में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। हरिद्वार में लगातार लूट, हत्या और चैन स्नैचिंग जैसी घटनाओं ने आमजन को भयभीत कर दिया है। और स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष मुरली मनोहर ने कहा कि लचर कानून व्यवस्था से महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रही हैं। अगर हालात नहीं सुधरे तो कांग्रेस सड़क पर उतरने को मजबूर होगी। वरिष्ठ नेता मनोज सैनी और



पूर्व पार्षद उपेंद्र कुमार ने कहा कि सरकार अपराध रोकने में पूरी तरह विफल रही है। भाजपा के शासन में अपराधियों को संरक्षण मिल रहा है। पूर्व पार्षद राजीव भार्गव और युवा नेता हिमांशु राजपूत ने कहा कि बढ़ती बेरोजगारी और नशे के फैलते जाल से अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। प्रशासन को चाहिए कि अवैध नशे के कारोबार पर सख्त कार्रवाई करे। यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष कैश खुराना और पूर्व जिलाध्यक्ष नितिन तेश्वर ने चेतावनी दी कि यदि अपराधों में कमी नहीं आई, तो कांग्रेस का युवा मोर्चा आंदोलन को और तेज करेगा। पार्षद हिमांशु गुप्ता और ब्लॉक अध्यक्ष विकास चंद्रा ने कहा कि कनखल में चैन स्नैचिंग की घटनाओं ने महिलाओं में भय का माहौल पैदा कर दिया है। महानगर कांग्रेस महासचिव विजय प्रजापति और महानगर उपाध्यक्ष राजेंद्र भारद्वाज ने कहा कि भाजपा सरकार ने न भय, न भ्रष्टाचार का नारा देकर सत्ता हासिल की थी, लेकिन आज भय भी चरम पर है और भ्रष्टाचार भी। प्रदर्शन में मुख्य रूप से पार्षद सोहित सेठी, ऋषभ वशिष्ठ, भूषण शर्मा, आशु श्रीवास्तव, सुंदर मनवाल, ऋषभ अरोड़ा, विक्रम शाह, नकुल माहेश्वरी, शिवा लोधी, मोहित अरोड़ा, हरीश अरोड़ा, अज्जू खान, अंकित चौधरी, विशू भारद्वाज, अमित भारद्वाज, राजेश नैथानी, अरविंद गर्ग, करन सिंह राणा, सार्थक ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# चंडी घाट चौक पर निर्माण कार्य से लग रहा जाम

हरिद्वार। चंडी घाट चौक के निकट रविवार को डिवाइडर निर्माण कार्य के चलते यातायात व्यवस्था चरमरा गई। प्रमुख चौराहों में से एक इस मार्ग पर निर्माण कार्य शुरू होते ही वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। ऋषिकेश की ओर से आने वाले वाहन जहां सर्विस मार्ग से होते हुए चंडी चौक पहुंचने में जूझते रहे, वहीं शंकराचार्य चौक से चंडी चौक की ओर आने वाले वाहनों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहर के समय तो स्थिति यह रही कि वाहन रेंगते हुए आगे बढ़े। जिससे लोगों को भारी परेशानी हुई। चंडीघाट चौक हरिद्वार का सबसे व्यस्तम चौक में से एक है। इस चौराहे से ही देहरादून, ऋषिकेश और रुड़की की ओर से आने वाले वाहन नजीबाबाद होते हुए अन्य क्षेत्रों को जाते हैं। इस चौक पर अमूमन सभी दिनों



वाहनों का दबाव अधिक रहता है। चंडी चौक पर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के डिवाइडर का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसके चलते रविवार को इस चौक पर कई बार जाम की स्थिति बनी रही। निर्माण कार्य के चलते चौक पर आसपास से आने वाली सड़कों पर जाम जैसी स्थिति बनी रही। जबकि, मौके पर मौजूद यातायात पुलिस व सीपीयू कर्मी स्थिति को संभालने के लिए लगातार प्रयासरत दिखे। पुलिसकर्मियों ने वाहनों को निकालने का प्रयास किया, लेकिन भीड़ अधिक होने के कारण राहत सीमित रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि चंडी घाट चौक शहर का एक महत्वपूर्ण चौक है जहां से हरिद्वार, ऋषिकेश और देहरादून मार्ग का आवागमन होता है। ऐसे में इस डिवाइडर के निर्माण से यातायात व्यवस्था को दूरुस्त करने में मदद मिलेगी।

# शिक्षा में त्रिस्तरीय कैडर के लिए शिक्षकों के सुझावों को भी किया जाए शामिल

देहरादून। उत्तराखंड के स्कूलों में शिक्षकों के त्रिस्तरीय कैडर के प्रस्ताव का अखिल भारतीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ ने स्वागत किया है। संघ के राष्ट्रीय महामंत्री सुभाष चौहान ने कहा कि अगर सरकार इसे शिक्षकों की सभी शर्तो के अनुसार मंजूर करती है तो संघ इसका पूरा समर्थन करेगा। चौहान ने कहा कि उत्तराखंड की शिक्षा व्यवस्था में बड़े बदलाव के लिए यह जरूरी है और जूनियर शिक्षकों इसकी मांग लंबे समय से करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रस्ताव में शिक्षक संघ के सुझावों को जरूर शामिल किया जाना चाहिए। चौहान ने बताया कि पूर्व में भी इसका ड्राफ्ट तैयार किया गया था, लेकिन तब शिक्षक संघ की ओर से दिए गए सुझावों को इसमें शामिल नहीं किया गया। इस वजह से इस ड्राफ्ट पर काम नहीं हो पाया। साथ ही पूर्व में भी शिक्षा मंत्री ने त्रिस्तरीय कैडर की घोषणा की थी, लेकिन फिर भी कैडर निर्धारण नहीं हो पाया था। उन्होंने कहा कि अब जो प्रस्ताव शासन को दिया गया है, उसमें शिक्षक संघ के सुझावों को अहमियत देनी चाहिए। सुभाष चौहान ने कहा कि त्रिस्तरीय कैडर से शिक्षा व्यवस्था में बड़ा बदलाव होगा। प्राथमिक और माध्यमिक में अलग-अलग निदेशालय के बजाए एक ही निदेशालय के अधीन आ जाएंगे।

**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382-222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com